Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007
Participants : Prabhu Shri Suresh,Kumar Shri Shailendra,Maharia Shri Subhash,Rao Shri Kavuru Samba Siva,Satpathy Shri Tathagata,Deo Shri Bikram Keshari,Fanthome Shri Francis ,Malhotra Prof. Vijay Kumar,Karunakaran Shri P.,Jatiya Dr. Satyanarayan,Thummar Shri Virjibhai,Chauhan Shri Nihal Chand,Yadav Shri Devendra Prasad,Kharventhan Shri Salarapatty Kuppusamy,Yadav Dr. Karan Singh

Title: General discussion on the Budget (General) for 2007-08 (Not concluded).

MR. SPEAKER: Now, the House will take up Item No.14, General Discussion on the Budget (General) for 2007-08.

Prof. Vijay Kumar Malhotra to speak. It is a very important matter. जनरल बजट पर डिसकशन शुरू हो रहा है।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, श्री चिदम्बरम जी ने यहां वर्ा 2007-08 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया। बजट के अगले दिन सारे समाचार-पत्रों और एडिटोरियल्स में जो हैडलाइन्स छपीं, उससे इस बजट के बारे में सारी स्थिति स्पट हो जाती है। अगले दिन सभी अंग्रेजी और हिन्दी के समाचार-पत्रों में हैडलाइंस इस प्रकार से आईं--

"Middle-class cases FM raps". "Listless Budget in for all round denunciation." "Lots of noise but pittance for farm sector." सब अखबारों में बार-बार हैडलाइंस आईं "Aam Aadmi feels betrayed." "Budget dampens morale of battle-bound Congress Party." "Common man disappointed." यहां पर हिन्दू अखबार ने लिखा कि "Unemployment and inflation not addressed." "PC gives with right hand brooks with left." "Big blow for small houses." "Sorry, still not at your service." "PC disappoints NRIs in U.K." "Housing estates get less real." "RWAs not happy to be in service net." "Farmers' cause cannot be offset." "Nothing at all for desperate farmers." "Common man gains nothing." "Budget betrays *aam aadmi."* "Women groups complain." हिन्दुस्तान के सात-आठ अखबारों के जो एडिटोरियल्स हैं, "The effort does not match with rhetoric." "No respite for agriculture renewal." "Budget 2007 fails to address growth, inflation and rural uplift."

अगले दिन के समाचार-पत्रों ने सारे देश की स्थिति को स्पट किया। मंत्री जी ने कुछ घोाणा की थी। अध्यक्ष जी, आपको स्मरण होगा कि जब फ्रांस की क्रान्ति हुई, तो फ्रांस की क्रांति से पहले मेरी एंटॉएनेट जो वहां की क्वीन हैं, उसके सामने कुछ लोग प्रदर्शन कर रहे थे। जब उसने बड़ी मासूमियत से पूछा कि ये लोग प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि हमें खाने को रोटी, डबलरोटी नहीं मिलती।

"Why don't they eat cakes?" जब डबलरोटी नहीं मिलती तो ये लोग केक क्यों नहीं खाते?

अध्यक्ष महोदय, उस दिन मुझे बहुत आश्चर्य हुआ जब चिदम्बरम साहब ने बजट पेश करते हुए एक गुड न्यूज की चर्चा की। उन्होंने गुड न्यूज में कहा कि "There is a good news for cat and dog lovers." Customs duty on pet foods reduced from 30 per cent to 20 per cent.[MSOffice20]

अध्यक्ष जी, हजारों की संख्या में आत्महत्या करने वाले किसानों के लिए, मंहगाई से दम तोड़ते गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए, बेरोजगारों, मजदूरों, सड़क पर पत्थर कूटती महिलाओ, कुपोाण के शिकार करोड़ों बच्चों, लाठी लेकर चलते बेकश-असहाय बुजुर्गों, पेट की

धधकती आग से कोठों पर जाने के लिए मजबूर औरतों और हमारी बेटियों के लिए, हमारे वित्त मंत्री जी ने फरमाया कि एक बहुत अच्छी खबर है कि विदेशी कैट्स और डॉग्स के लिए विदेशों से आने वाला खाना सस्ता कर दिया गया है। उनके लिए यहां पर विदेशों से आने वाले करोड़पतियों, अरबपतियों के कुत्ते और बिल्लियां जो खाना खाते हैं, वह सस्ता कर दिया है। सारे बजट में उन्होंने एक ही गुड न्यूज की चर्चा की है और यह है कि विदेशी कुत्तों और बिल्लियों के विदेश से आने वाला खाना सस्ता कर दिया गया है। मेरे काबिल दोस्त श्री जयराम रमेश जी यहां इस समय नहीं है, कम्युनिस्ट पार्टी के माननीय सदस्य की बात सुनकर उन्होंने प्रतिक्रिया की कि जो लोग इस बजट की आलोचना कर रहे हैं, इस बजट के बारे में ऐसा कह रहे हैं, वे कुत्ते-बिल्लियों का खाना खाकर देखें,वह सस्ता हो गया है और बहुत मजेदार होता है। उनका यह बयान भी समाचार पत्रों में छपा है। यह बयान उनकी संजीदगी, उनकी सेंसीटिवटी, उनका बजट के बारे में विचार को स्पट करता है।

अध्यक्ष महोदय, जब बजट पेश हो रहा था, हिन्दुस्तान के 100 करोड़ लोग, जिन बेचारों के पास टीवी और रेडियो नहीं है, वे क्या सुनते, लेकिन सभी लोग यह सुनने के लिए आतुर थे कि इस बजट में क्या हो रहा है। बजट में बैण्ड-बाजा था, गाज-बाजा था, बाराती थे, धूम-धड़ाका था, लेकिन दुल्हा-दुल्हन गायब थे। आम आदमी इस बजट से गायब था। आम आदमी के बारे में क्या हुआ है? सारे बजट को अगर देखें तो आम आदमी के साथ जितना विश्वासघात इस बजट में हुआ है, आम आदमी के साथ जितना धोखा इस बजट में हुआ है, उनके साथ जो कुछ व्यवहार हुआ है, वह बहुत शर्मनाक है, बहुत ही आपत्तिजनक है, निन्दनीय है। इसलिए जब आम आदमी का जिक्र आता है, तो मैं आपके सामने कुछ बातों का उल्लेख करना चाहूंगा।

सबसे पहली बात महंगाई है। आम आदमी आज सबसे ज्यादा जिस बात से परेशान है, वह है भयंकर महंगाई। चिदम्बरम साहब ने एक वक्तव्य दिया और उसमें कहा कि अगर विकास दर बढ़ेगी तो साथ में महंगाई भी बढ़ती है। फिर उन्होंने एक वक्तव्य दिया कि मेरे हाथ में कोई मैजिक बैण्ड नहीं है कि मैं महंगाई पर एकदम से रोक लगा दूं। अगर मैजिक बैण्ड नहीं तो जब वर्ा 2004 में चुनाव हुए थे तो गली-मुहल्लों में जाकर, सोनिया गांधी जी की सभाओं में आपने यह क्यों कहा कि महंगाई बहुत बढ़ गयी है, जबकि उस समय महंगाई 2 से 3 प्रतिशत के आस-पास थी और उस समय आपने यह क्यों कहा कि हमें लाइए हम महंगाई को दूर करके दिखाएंगे? आज उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें कितनी बढ़ गयी हैं, आम आदमी की जरूरतों की चीजें बहुत महंगी हो गयी हैं। 6 प्रतिशत, 6.50 प्रतिशत या 7 प्रतिशत का कोई मतलब नहीं है। यह जो होलसेल प्राइस इंडेक्स है और जो कंज्युमर प्राइस इंडेक्स है, इन दोनों में आम आदमी की जरूरत की वस्तुओं की कीमतों की क्या स्थिति है, उसको देखना चाहिए। उनकी स्थिति देखनी चाहिए कि किस तरह वस्तुओं के दाम 200, 300 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। आटे का दाम सात रूपए से बढ़कर 16 रूपए हो गया है। इसी तरह बाकी चीजों जैसे चावल, चीनी, नमक, प्याज, सब्जी आदि के भी दाम बढ़े हैं, जिनके साथ देश का आम आदमी खाना खाता है। सभी चीजें महंगी हुई हैं। आप रूरल एरियाज में गारन्टी स्कीम के अन्तर्गत 60 रूपए प्रतिदिन के लिए दे रहे हैं। अगर उसके 60 रूपए में से खाने पर और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर 20 रूपए, 25 रूपए या 30 रूपए प्रतिदिन कि खर्च बढ़ जाए तो उसकी जिन्दगी क्या होगी, आप इस पर भी विचार कीजिए। इस 6 प्रतिशत या 7 प्रतिशत से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। आपकी विकास दर 8 प्रतिशत है या 9 प्रतिशत है, उससे क्या अन्तर पड़ता है? अगर चीन 15 साल तक 10 प्रतिशत की विकास दर के साथ महंगाई को 2 प्रतिशत पर रख सकता है तो क्या आपके यहां 9 प्रतिशत की विकास दर पर महंगाई को 9 प्रतिशत तक बढ़ जाना चाहिए? मैं समझता हूँ कि आपकी यह भावना गलत है।[R21] इसलिए महंगाई के बारे में जो आंकड़े यहां दिए गए हैं, उन सबको [R22]पढ़ने की जरूरत नहीं है, वैसे मैं सभी को कोट कर सकता हूं कि अलग चीजों के दाम कितने प्रतिशत तक बढ़े हैं, लेकिन मैं यहां कुछ ही चीजों के बारे में उल्लेख करना चाहूंगा। फलों और सब्जियों को आप छोड़ दें, परंतु आटे, दाल और चावल आदि की कीमतों को आप देखें कि कितना ज्यादा फर्क आ गया है। पहले जो आटा सात रुपए प्रतिकिलो मिलता था, वह अब 16 रुपए प्रतिकिलो मिलता है। इसी तरह से चावल का हाल है, महंगा चावल भी 4-45 रुपए प्रतिकिलो से कम नहीं है। दालें जो पहले 15 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिकती थीं, अब उनके दाम बढ़कर करीब-करीब 65 रुपए प्रतिकिलो हो गए हैं। इसी तरह से मसालों की कीमतों में भी 200 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी हुई है।

¤ÉVÉ] àÉå ÉÊnA MÉA nÚºÉ®ä +ÉÉÆBÉE½Éå BÉEÉ £ÉÉÒ àÉé =ããÉäJÉ BÉE°ôÆMÉÉ* àÉé ÉÊ ´ÉkÉ àÉÆjÉÉÒ VÉÉÒ ºÉä {ÉÚUxÉÉ SÉÉciÉÉ cÚÆ ÉÊBÉE +ÉÉÉÊJÉ® <iÉxÉÉÒ VÉÉä àÉcÆMÉÉ<Ç ¤ÉfÃÉÒ cè, <ºÉBÉEÉ BÉDªÉÉ BÉEÉ®hÉ cè? BÉDªÉÉ ºÉÖxÉÉàÉÉÒ +ÉÉ MÉ<Ç <ºÉÉÊãÉA àÉcÆMÉÉ<Ç ¤ÉfÃ MÉ<Ç ªÉÉ BÉEÉä<Ç VÉãÉVÉãÉÉ ªÉÉ £ÉÚBÉEà{É +ÉÉ MÉªÉÉ, ÉÊVÉºÉBÉEÉÒ ´ÉVÉc ºÉä <iÉxÉÉÒ àÉcÆMÉÉ<Ç ¤ÉfÃ MÉ<Ç? àÉé BÉEcxÉÉ SÉÉciÉÉ cÚÆ ÉÊBÉE ªÉÚ{ÉÉÒA ºÉ®BÉEÉ® BÉEÉÒ MÉãÉiÉ xÉÉÒÉÊiÉªÉÉå BÉEä BÉEÉ®hÉ àÉcÆMÉÉ<Ç ¤ÉfÃ ®cÉÒ cè* <xcÉåxÉä +É£ÉÉÒ iÉBÉE ´ÉÉªÉnÉ BÉEÉ®Éä¤ÉÉ® VÉÉ®ÉÒ ®JÉÉ cÖ+ÉÉ cè, VÉ¤ÉÉÊBÉE ºÉ®BÉEÉ® ¤ÉÉ®-¤ÉÉ® BÉEciÉÉÒ cè ÉÊBÉE <ºÉä ¤ÉÆn BÉE® nåMÉä, ãÉäÉÊBÉExÉ ´Éc VÉÉ®ÉÒ cè*

BÉEàÉÉäÉÊb]ÉÒ ABÉDºÉSÉåVÉ VÉÉ®ÉÒ cè, ºÉ]Â]É ¤ÉÉVÉÉ®ÉÒ VÉÉ®ÉÒ cè* +ÉMÉ® ªÉä ºÉ¤É SÉÉÒVÉå VÉÉ®ÉÒ ®ciÉÉÒ cè, iÉÉä àÉcÆMÉÉ<Ç ¤ÉfÃiÉÉÒ cè*

12.37 hrs. **(Mr. Deputy-Speaker in the Chair)**

-

ÉÊBÉEºÉÉxÉÉå BÉEÉÒ ºÉÉ®ÉÒ ={ÉVÉ VÉÉä +ÉÉ{ÉBÉEÉä JÉ®ÉÒnxÉÉÒ SÉÉÉÊcA, ´Éc ºÉàÉªÉ {É® xÉcÉÓ JÉ®ÉÒnÉÒ MÉ<Ç, BÉDªÉÉåÉÊBÉE A{ÉEºÉÉÒ+ÉÉ<Ç xÉä ºÉcÉÒ ºÉàÉªÉ {É® àÉÉBÉEæ] àÉå |É´Éä¶É cÉÒ xÉcÉÓ ÉÊBÉEªÉÉ* <ºÉÉÊãÉA ÉÊBÉEºÉÉxÉÉå BÉEÉ ºÉÉ®É MÉãäÉÉ BªÉÉ{ÉÉÉÊ®ªÉÉå xÉä, BÉEàÉÉäÉÊb]ÉÒ ABÉDºÉSÉåVÉ BÉE®xÉä ´ÉÉãÉÉå xÉä lÉÉä½É VªÉÉnÉ {ÉèºÉÉ näBÉE® JÉ®ÉÒn ÉÊãÉA +ÉÉè® +É¤É =ºÉä VªÉÉnÉ BÉEÉÒàÉiÉ {É® ={É£ÉÉäBÉDiÉÉ+ÉÉäÆ BÉEÉä ¤ÉäSÉ ®cä cé* <ºÉ BÉEÉ®hÉ àÉcÆMÉÉ<Ç <iÉxÉÉÒ ¤ÉfÃ MÉªÉÉÒ cè*

आप कहते हैं कि विदेशों में भी महंगाई बढ़ रही है, यह कोई तर्क नहीं है। आप कहते हैं कि हम जरूरी चीजों का आयात करेंगे। जब विदेश में इस बात का पता चलता है तो वे लोग दाम बढ़ा देते हैं। आप कहते हैं कि हम जीरो पर्सेंट ड्यूटी पर मंगा लेंगे, तो इसके कारण वहां कीमतें बढ़ जाती हैं। इसलिए आपकी गलत नीतियों के कारण यहां भी जरूरत की चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। इसलिए महंगाई के बारे में आपकी असफलता जग जाहिर है।

मुझे आश्चर्य होता है, जब मैं सुनता हूं कि कांग्रेस पार्टी में इस बारे में क्या सोचा जा रहा है। श्रीमती सोनिया गांधी कांग्रेस संसदीय दल की मीटिंग बुलाती हैं और उसमें कहती हैं कि महंगाई काफी बढ़ गई है इसलिए इस पर काबू पाया जाए। उसके बाद वह प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखती हैं कि महंगाई बहुत बढ़ गई है, उन्हें इसकी बहुत चिंता है। फिर एक पत्र प्रधान मंत्री जी को स्पेशल इकोनॉमिक जोन के बारे में लिखा जाता है और उसमें किसानों की आत्महत्या पर चिंता प्रकट की जाती है। मैं समझता हूं कि यह सिर्फ आडम्बर मात्र है, गिमक्री करने की कोशिश हो रही है। वह किसे बता रही हैं कि महंगाई बढ़ गई है? आखिर प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखने का क्या मतलब है...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) ...*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Mistry, you have spoken without my permission. Nothing will go on record except the speech of Prof. Vijay Kumar Malhotra. Please sit down.

(Interruptions) ...*

---

* Not recorded

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली): सारी दुनिया जानती है, हर आदमी जानता है, सदन भी जानता है कि उनके बिना प्रधान मंत्री जी या वित्त मंत्री जी किसी प्रकार का कोई काम नहीं कर सकते। यहां तक कि वे लोग उनकी इजाजत से छींक तक नहीं मार सकते और कोई पत्ता तक नहीं हिल सकता। वह केन्द्र बिंदु हैं और इस नाते उनकी जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी की जो जिम्मेदारी है, वह यूपीए की जिम्मेदारी है, जिसकी वह चेयरपर्सन हैं। इसलिए वह जिम्मेदारी किस पर डाल रही हैं? किसकी तरफ भेजा जा रहा है? माननीय प्रधान मंत्री जी को चिट्ठी लिखना, एक बार, दो बार, साथ ही कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग बुलाना और कहना कि यह महंगाई बेकाबू होती जा रही है। अपनी जो फेल्योर है, मैं उन शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहता लेकिन सरकार की गलत नीतियां हैं और बहुत ज्यादा पत्र लिखने से भी पत्रों की कीमत कम हो जाती है। यह कह रहे हैं कि इम्पोर्टेंस की बात है, लेकिन मैं सारे उदाहरण नहीं देता। अभी यहां पर गुवहाटी में नेशनल गेम्स हुए। आज तक 23-24 नेशनल्स गेम्स हुए हैं। उन सबका उद्घाटन या तो माननीय राट्रपति जी ने किया है या माननीय प्रधान मंत्री जी ने किया है लेकिन यह पहली बार हुआ है कि सारी परम्पराएं तोड़कर एक राजनीतिक पार्टी की अध्यक्षा ने जाकर उसका उद्घाटन

किया। हम जानना चाहता हैं कि अगर प्राइमिनिस्टर साहब की ह्यूमिलेशन करनी है तो उनको प्राइममिनिस्टर क्यों रखा है? प्रधान मंत्री जी, जिनको जाकर उद्घाटन भी करना है और आप इन दिनों हुई और बातों को देखिये। अब कांग्रेस की चार-पांच सरकारें रह गयीं हैं। पंजाब के अंदर थी वह खत्म हो गयी, अब हरियाणा है, हिमाचल है, आंध्र प्रदेश है और असम है। चार गवर्नमेंट्स इनकी है, दो में ये शामिल हैं। इन सारी 6 सरकारों के इश्तिहार निकाल लीजिए। सबसे ऊपर कांग्रेस अध्यक्षा की तस्वीर होती है, उसके बाद माननीय प्राइममिस्टर साहब की या वह भी नहीं होती और उद्घाटन देख लीजिए तो वे भी उनकी तरफ से नहीं होते । It is degrading of the post of the hon. Prime Minister. महंगाई के बारे में चिंता प्रकट करना और कहना कि मेरी जिम्मेदारी नहीं, बाकी सबमें तो सर्वोच्च स्थान प्राप्त करना लेकिन इसमें जो कुछ है केवल पत्र लिख दिया और कह दिया कि सारी गलती आपकी है, इसमें सुधार करो। पेट्रोलियम मिनिस्टर को लिखते हैं कि पेट्रोल की कीमत कम करो। वह कहते हैं कि कम नहीं हो सकतीं, मैं नहीं कर सकता। फिर लिखती हैं स्पेशल-इकोनॉमिक जोन के बारे में तो माननीय प्रधान मंत्री जी ने कह दिया कि स्पेशल इकोनॉमिक जोन जारी रहेंगे केवल उसमें कुछ अब्रेशन्स हैं तो हम ठीक कर लेंगे नहीं तो उन्हें जारी रखा जाएगा। स्पेशन इकोनॉमिक जोन जारी रहेंगे, एफडीआई जारी रहेगी परन्तु चिट्ठियों में चिंता व्यक्त की जाएगी, यह तरीका ठीक नहीं है। यह अपनी असफलता का दोाारोपण दूसरों पर करने वाली बात है।

दूसरी बात महंगाई और उसके बाद किसानों की बात। किसानों की आत्महत्याओं के बारे में जिक्र पिछले चुनावों में भी बहुत किया गया था। माननीय प्रधान मंत्री जी 6 महीने पहले विदर्भ गये थे और जाकर एक पैकेज दे आये थे और हाउस को कहा था कि अब मामला सुलझ जाएगा। उपाध्यक्ष महोदय, जितनी देर माननीय वित्त मंत्री जी अपना डेढ़ घंटे का भााण दे रहे थे, उतनी देर में चार किसानों ने, उसी डेढ़ घंटे में विदर्भ में आत्महत्याए कीं। माननीय प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह जी ने जब पैकेज दिया था तब से लगभग 3500-4000 किसान आत्महत्याएं कर चुके हैं। उनके लिए बजट में क्या है? What is there in the Budget for that? किसानों का ऋण बढ़ा देने से तो आत्महत्याएं कम नहीं होती। आपकी स्वामीनाथम केमेटी ने 4 प्रतिशत ब्याज दर लाने की रिक्मेंडेशन की। किसानों को जो सब्सिडी दी जानी है उसके डायरेक्टली किसानों को दिया जाए जिसको कि आज मिनिस्टर साहब ने कहा है कि मैं उसके हक में नहीं हूं कि सब्सिडी डायरेक्ट किसानों को दी जाए। यह भी स्वामीनाथन कमेटी की रिक्मेंडंशन में है। उनकी रिक्मेंडेशन को तो खत्म कर दिया और उसके बदले में एक नया आयोग आर. राधाकृणन का बना दिया गया। यह सरकार आयोगों पर चल रही है और अब तक 100-125 के करीब तो ग्रूप ऑफ मिनिस्टर्स की कमेटियां बना चुके हैं और 150-200 आयोग बना चुके हैं। What happened to the Report of the Swaminathan Committee? [r23]

स्वामीनाथन कमेटी की रिक्मेंडेशंस का क्या हुआ? ब्याज में एक पैसा भी कम नहीं किया गया है और बाजार में बैंकों की ब्याज दरें बढ़ गई हैं। साहूकारों से ब्याज पर पैसा लेने वाले किसानों को ज्यादा कीमत देनी पड़ रही है, इसी कारण किसानों द्वारा आत्महत्याएं बढ़ रही हैं।

महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि एग्रीकल्चर का पैसा कम किया गया है और इस कारण क्या स्थिति उत्पन्न हुई है। किसानों के साथ भयंकर विश्वासघात हुआ है। मैं इस बारे में काफी विस्तार से उल्लेख कर सकता हूं, लेकिन मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि किसानों की आत्महत्याओं के बढ़ने का मूल कारण ब्याज दर का ऊंचा होना है। किसान को सिंचाई के साधन न मिलना, समय पर किसानों को कीमत न मिलना भी आत्महत्या करने के कारणों में शामिल हैं। सारी दुनिया किसानों के बीच आ रही है, मल्टी नेशनल कम्पनियां आ रही हैं, रिलायंस भी आ रहा है और टाटा भी आ रहा है। ये किसानों से सीधा सामान खरीद रहे हैं और अगर वह सामान खरीद रहे हैं तो जो आपने पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन का सामान बांटना है, वह कहां से आएगा? वे कम्पनियां उस सामान को महंगे दामों पर बचेंगी। क्यों नहीं एफसीआई और दूसरी सरकारी एजेंसियां समय पर सामान खरीदती हैं? किसान को सही मूल्य नहीं मिलता है, इसलिए किसानों की इतनी दुर्दशा है। सारे बजट में मैंने देखा, लेकिन सिवाए लिप सिम्पेथी के कोई दूसरी चीज मुझे दिखाई नहीं दी।

इसके बाद मैं बेरोजगारी की बात कहना चाहता हूं। बजट में और राट्रपति के अभिभााण में बेरोजगारी की स्थिति के बारे में बात की गई है। श्री रघुवंश प्रसाद जी भी बहुत बार जिक्र करते हैं, पहली बात आप देखें कि पहले 130 जिलों में रूरल गारंटी स्कीम को जारी किया गया और 11300 करोड़ रुपया इस योजना के तहत रखा गया। उनमें से 61 परसेंट खर्च नहीं हुआ, केवल 39 परसेंट रुपया खर्च हो पाया। आप ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का सारी दुनिया में ढिंढ़ोरा पीटे, रुपया रखें, लेकिन वह पैसा खर्च नहीं हो पा रहा है। वह पैसा क्यों खर्च नहीं हो पा रहा है? आप कह रहे हैं कि राज्य सरकारें पैसा खर्च नहीं कर रही हैं। अगर यह स्कीम इतनी पापुलर नहीं है और मैं तो यह भी कहना चाहता हूं कि जहां-जहां भी कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां पूरा पैसा खर्च नहीं हो सका है। मैं दावे और चुनौती के साथ कह सकता हूं कि जहां भी बीजेपी की सरकार है, वहां लगभग पूरा पैसा खर्च हुआ है। मध्य प्रदेश, गुजरात इस पैसे को इस्तेमाल करने में सबसे ऊपर रहे हैं।

अगर कहीं यह योजना फेल हुई है, तो जहां कांग्रेस की सरकार है, उन राज्यों में यह स्कीम फेल हुई है। आप देखिए कि ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई कि यह पैसा ही खर्च नहीं हो पाया है।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि आप देखिए कि वित्त मंत्री जी ने क्या किया है कि 130 जिलों के लिए 11300 करोड़ रुपया रखा है और इस साल इन 200 जिलों में 130 जिले और जोड़ कर 330 जिले कर दिए हैं, लेकिन केवल 700 करोड़ रुपया रखा है। 130 जिलों के लिए 11300 करोड़ और अब 200 जिले और जोड़ने के बाद केवल 700 करोड़ रुपए रखे हैं। क्या 700 करोड़ रुपयों से 200 जिलों में रोजगार गारंटी स्कीम पूरी हो सकती है? क्या इन रुपयों से जो रोजगार गारंटी को हमारा मौलिक अधिकार बना दिया है, चल सकता है? यह केवल धोखा देने की बात है, केवल कागजों में लिखने की बात है कि हमने 130 जिलों से 330 जिले कर दिए हैं। किसे इन बातों से भ्रमित किया जा रहा है? आप बेरोजगारी की स्थिति देखिए। शहरों में यह योजना लागू नहीं की गई है। इस सरकार के तीन साल बीत चुके हैं। आप यूपीए का कॉमन मिनिमम प्रोग्राम देखिए। उसमें राट्रीय रोजगार गारंटी स्कीम थी। पहले कह रहे थे कि इस योजना को सिर्फ गांवों में शुरू किया जाएगा, शहरों के लिए अलग योजना बनाएंगे। चार करोड़ स्नातक हैं, जो कि शहरों में, कस्बों में रहते हैं, जो बेकार हैं। कुल मिलाकर दस करोड़ युवक बेरोजगार हैं, जिनके नाम एम्प्लायमेंट एक्सचेंजिज में दर्ज हैं, उनकी संख्या देखिए। उनके लिए क्या योजना बनाई गई है? दिल्ली ही नहीं बड़े-बड़े शहरों की स्लम बस्तियों के लिए, झुग्गी-झौपड़ियों में रहने वाले बेरोजगार युवकों के लिए, गरीबों के लिए न तो कोई योजना है और न ही बजट में पैसा है।[R24]

[r25]

आपने जो वायदा यूपीए के मिनिमम कॉमन प्रोग्राम में किया था, तीन साल बाद उसके बारे में कोई बिल नहीं लाए हैं और इसके लिए एक पैसा भी इसमें नहीं रखा है। आज बेरोजगारी की हालत क्या होती जा रही है? मल्टी नेशनल कंपनीज़ के आने से, स्पेशल इकनॉमिक जोन्स के आने से, इन्डस्ट्री के शिफ्ट हो जाने से करोड़ों लोग बेकार हो रहे हैं। कॉटेज इंडस्ट्री और स्माल स्केल इंडस्ट्री में करोड़ों लोग बेकार होते जा रहे हैं। यह दावा किया जाता है कि सौ में से करीब तीस दुनिया से सबसे अमीर लोग इस देश में हैं। इसके साथ यह दावा किया जाता है कि यहां पर संसेक्स इतना ऊपर उछल गया है और यह बात अखबारों में बड़ी हेडलाइन्स में आती है। आप भी जिक्र करते हैं कि हमारे देश के लोग विदेशों में जाकर बड़ी कंपनियां पचास हजार करोड़ या एक लाख करोड़ में खरीद रहे हैं। इसके साथ यह भी तो सही है कि यहां पर छः करोड़ बच्चे कुपोाण का शिकार होते हैं। ये भी तो इतना ही सही है कि यहां पर बिलो पावर्टी में रहने वाले करीब तीस करोड़ लोग कैसी जिंदगी जीते हैं, उनके लिए किस तरह की महंगाई हो रही है और उनके लिए बेरोजगारी कैसा अभिशाप बनती जा रही है। यहां पर क्या हालात हो रहे हैं, कितने लोग आत्महत्या कर रहे हैं, कितनी औरतें अपनी इज्जत बेचने को मजबूर हो रही हैं? इन तीन वर्षों में बेरोजगारी क्या स्थिति है और आपके बजट में उसके लिए क्या प्रावधान है? क्या इस बजट में इस तरह की कोई एक लाईन है कि यहां पर बेरोजगारी को दूर करने के लिए ये कदम उठाए जाएंगे? पिछले वर्ा और उससे पहले कहा गया था कि हम एक करोड़ रोजगार सृजन करेंगे, दो करोड़ और रोजगार लाए जाएंगे और हम बेरोजगारी खत्म कर देंगे। इन सब योजनाओं में पूरी बेरोजगारी कितने सालों में खत्म हो जाएगी, इसका कोई उल्लेख बजट में नहीं किया गया है।

इसके बाद मैं सरकारी कर्मचारियों के बारे में जिक्र करना चाहता हूं। वित्त मंत्री जी ने कहा कि दस हजार रुपए की इनकम टैक्स में छूट दी है। यहां नाम लेने का कोई फायदा नहीं है, जो बिलियनर्स हैं, अरबपति हैं, उनके लिए भी वही 10,000 रुपए की छूट है। आपने कहा कि इसमें 1,000 रुपए का फायदा होगा। मैं कह रहा हूं कि सरकारी कर्मचारी को भी 1,000 रुपए और हिंदुस्तान के सबसे अमीर आदमी को भी 1,000 रुपए का फायदा होगा, ये आपका समाजवाद है? ये आम आदमी और गरीब आदमी के लिए विचार हैं? आपने ऐसे क्यों दिया है? यह 10,000 रुपए की रिबेट बड़े-बड़े अमीर आदमी, जिनकी आमदनी एक करोड़ रुपए से ऊपर है, उसको यह छूट देने का क्या मतलब है? आपने उनको छूट क्यों दी है? जो सरकारी या अन्य कर्मचारी थे उन्हें 30,000 रुपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलता था, वह इसलिए था कि कारोबार करने वाले व्यापारी या दूसरे लोग हैं, उनका सारा खर्च निकालकर जो इनकम आती है, उस पर टैक्स लगता है। परंतु फिक्स्ड इनकम कर्मचारियों के मूल वेतन पर टैक्स लगता है। उनका टैक्स उस पर नहीं लगता कि कन्वेन्स और दूसरे खर्च निकाल दो, उसके लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन थी। लेकिन आपने स्टैंडर्ड डिडक्शन खत्म कर दी। उनको ब्याज के रूप में 12,000 की छूट थी। पहले 30,000 रुपए स्टैंडर्ड डिडक्शन के थे और 12,000 रुपए ब्याज के थे, आपने इसे इसमें से निकाल दिया। आप विश्वास करते हैं कि सबको बराबर किया जाए, आपने वही सुविधा अरबपति को, वही सुविधा 100 या 200 रुपए कमाने वाले को दी है और एक जैसा व्यवहार किया है। सरकारी या अर्द्ध कर्मचारियों की संख्या दो करोड़ तीस लाख है इसके अलावा और कर्मचारियों के साथ भयंकर विश्वासघात हुआ है। उनकी लिमिट 1,00,000 रुपए से बढ़ाकर 1,10,000 रुपए कर दी, सीनियर सिटिजन के लिए 1,85,000 रुपए और महिलाओं के लिए 135,000

रुपए से बढ़ाकर 1,45,000 रुपए कर दी। पहले कर्मचारियों को 50,000 रुपए की छूट थी, 30,000 रुपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन था उसके बाद 12,000 ब्याज के रुपए थे, उसको इसमें फायदा नहीं हुआ। [r26]

आप फायदा किनको दे रहे हैं, आपके तीन करोड़ करदाता हैं, उनमें दस करोड़ रुपये से ऊपर की इंकम वाले को भी वही फायदा और बाकियों को भी वही फायदा मिलेगा। एक आम आदमी के बारे में आपके मन की क्या कल्पना है, उसे यह बात स्पट करती है।

उपाध्यक्ष जी, तीन साल से सरकार कह रही है कि जो असंगठित मजदूर हैं, जो किसी मिल इत्यादि में नहीं हैं, अनऑर्गनाइज्ड सैक्टर में है, इस अनऑर्गेनाइज्ड सैक्टर के मजदूरों के लिए इस बजट में क्या रखा है। हम एक इंश्योरेंस की योजना चलायेंगे, पचास परसैन्ट वह देगा, पचास परसैन्ट ऐसा करेंगे। यह बिल्कुल अव्यावहारिक है। आप न तो उसका कोई बिल लाये और न उस बिल के बारे में कोई बात हुई, न उसके लिए कोई प्रावधान है। उनके साथ भी जिस तरह का सलूक इसमें किया गया है, वह भी हमारे सामने स्पट है।

महोदय, आप इसमें देखें कि छोटे व्यापारी, गरीब आदमी, छोटी-छोटी दुकाने करने वाले पहले ही इस बात से परेशान है कि जब आपका एफ.डी.आई. इन रिटेल आ जायेगा तो उसके आने के बाद सब छोटे-छोटे दुकानदार खत्म हो जायेंगे। रेहड़ी, पटरी वाले खत्म हो जाएं, मंडियों में काम करने वाले खत्म हो जाए, बड़े-बड़े मॉल्स पर सामान सीधे ही चला जायेगा। वे लोग इससे परेशान हैं। परंतु आपने एक नई बात की, जो मुझे समझ नहीं आई। हिन्दुस्तान में करीबन पांच करोड़ छोटे दुकानदार हैं, उनमें से बहुत से किराये पर रह रहे हैं, इन्होंने उनको सर्विस नैट में डाल दिया और यह कहा कि उन पर 12 परसैन्ट सर्विस टैक्स लगेगा। क्या वह 12 परसैन्ट सर्विस टैक्स खुद देगा? जो किराये पर है, वह उसी से लेगा। इसमें सर्विस कहां प्रोवाइड की जा रही है। Where is the service provided? एक आदमी ने अपनी छोटी सी किरयाने की दुकान चलाने के लिए दुकान किराये पर ली, उसका हजार या दो हजार रुपये किराया होगा। उसमें आप 12 परसैन्ट का सर्विस चार्ज लगा रहे हैं। मैं जानना चाहता हूं कि उसमें सर्विस कौन सी प्रोवाइड कर रहे हैं?

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, if he wishes to discuss the Finance Bill, I am willing to reply. But I think he should read the Finance Bill before he discusses it. Please stand up and tell me after reading the Finance Bill that you are satisfied that service tax applies if a shopkeeper pays Rs.1000 rent a month.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : मैंने फाइनैन्स बिल भी पढ़ा है। मुझे यह बतायें कि कोई भी आदमी यदि किसी कमर्शियल परपज के लिए आउटलैट करेगा, ये आपने उसमें कहा है कि उसके ऊपर 12 परसैन्ट टैक्स लगेगा। अगर यह गलत है और इसे आप विदड्रा करें तो बहुत खुशी की बात होगी। परंतु उसे आप विदड्रा भी नहीं कर रहे हैं, बल्कि उसकी लिमिट बढ़ाई जा रही है। ...(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, he has made a statement now that if a man pays Rs.1000 rent, he is liable to pay service tax. I will answer that.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : मैंने कहा कि आप पचास हजार से ऊपर वालों को करेंगे तो भी जिसका किराया पांच या छः हजार रुपये हैं, उस पर यह टैक्स लगेगा। मैंने कहा कि उस पर टैक्स लगेगा, इसमें कोई शक ही नहीं है। It will be there if it is beyond Rs.50,000. क्योंकि आपने कहा कि पचास हजार वाले सर्विस नैट में नहीं आयेंगे। तो भी जो दो-तीन या चार हजार के किराये पर है, उसके ऊपर ...(व्यवधान) अपने मुल्क को अमरीका और पेरिस और दूसरे मुल्कों जैसा बनाने की जो इनकी कंसैप्शन है ...(व्यवधान)

SHRI P. CHIDAMBARAM: He has made his point, I will reply.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : मैं जिक्र कर रहा था कि चाहे सरकारी कर्मचारी हो, अनऑर्गेनाइज्ड सैक्टर हो, मजदूर हों, छोटे व्यापारी हों, आम आदमी हो, इन सबके साथ कैसा भयंकर विश्वासघात इन सब चीजों में किया गया है, उसका मैं उल्लेख कर रहा था।

मैंने सारे बजट को देखा कि शायद कहीं पर कोई ब्लैक मनी के बारे में उल्लेख हो कि ब्लैक मनी के बारे में क्या किया जायेगा। हसन अली का मामला उस दिन मैंने उठाने की कोशिश की थी। एक अनजान आदमी जिसके बारे में ज्यादा पता नहीं है, 35 हजार करोड़ रुपये की उसकी सम्पत्ति निकलती है। दस विदेशी खाते निकलते हैं। यह एक आदमी के निकलते हैं, ऐसे हजारों होंगे। उसके 35 हजार करोड़ रुपये का पता चलता है[MSOffice27]।

13.00 hrs.[r28]

जिसके पास 35,000 करोड़ रुपया है तथा दस विदेशी खाते है। वे दस विदेशी खाते एक आदमी के हैं। हजारों ऐसे होंगे। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) ...*

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) :उसमें किस-किस पोलिटिशयन के नाम हैं? Why do you not come out openly? उसके अंदर वे कौन व्यक्ति हैं? किन राजनीतिज्ञों के नाम हैं? क्यों छिपाया जा रहा है? क्यों उस पर पर्दा डाला जा रहा है? क्यों नहीं, वे लोग जिनके नाम सरकार को पता लगे हैं, उनको यहां पर सामने किया जाए? मैंने अभी कहीं पढ़ा था, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ऐसा भ्रटाचार करने वाले लोगों को खंभे पर खड़ा करके लटका देना चाहिए। अगर खंभे पर खड़ा करके लटकाने की बात सुप्रीम कोर्ट कहती है और यह कहती है कि इन भ्रटाचारियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए और वे कहते हैं कि कानून हमें इजाजत नहीं देता। मैं जानना चाहता हूं कि वे कौन लोग हैं जिनका नाम इसमें है? उन्होंने कहा है कि इसके अंदर राजनेताओं, ब्यूरोक्रेट्स, मंत्रियों और आतंकवादियों के नाम हैं? Can there be something more serious? सुरक्षा सलाहकार कहते हैं कि हमारा जो सेंसेक्स इत्यादि का मामला चलता है, हमारे एक्सचेंज को आतंकवादियों के द्वारा मैनीपुलेट किया जा रहा है। रोजाना इस प्रकार के समाचार दिये जाते हैं कि आतंकवादी मैनीपुलेट कर रहे हैं। आतंकवादियों को हवाले से पैसा आ रहा है। क्यों नहीं दो-चार-पांच आतंकवादियों को एग्जेम्पलरी पनिशमेंट के तौर पर उनको पकड़ा जाता? वे टाडा के अंदर गिरफ्तार हो सकते थे क्योंकि उसके अंदर यह था कि हवाले के जरिये से जो पैसा लाएगा, उसको पोटा के अंदर पकड़ा जा सकता था। आपने उसको विदड्रॉ कर लिया। आपने 'पोटा' ही खत्म कर दिया। उनको किसके अंदर गिरफ्तार करें? कैसे उनको सजा दें? तेलगी का क्या हुआ? कौन लोग उसके साथ शामिल थे? तेलगी वाला बचकर निकल गया। इसके ऊपर भी पर्दा डाल देंगे। क्वात्रोची का मामला सबके सामने है। किस तरह से यहां पर ब्लैक-मनी आतंकवादियों की मदद से लोग कमा रहे हैं और हवाला करने वाले इन लोगों को कैसे बचाया जा रहा है? कैसे उन पर पर्दा डाला जा रहा है? कैसे उनको छिपाया जा रहा है? इस बजट भााण में एक भी शब्द ब्लैक-मनी के बारे में क्यों नहीं है कि इस ब्लैक-मनी को कैसे निकालो? पैरेलल इकॉनोमी चल रही है। जितना आपका टोटल रेवेन्यू है, कहीं ज्यादा ब्लैक-मनी जनरेट

---

* Not recorded

होती है और ब्लैक-मनी में हो रहा है। लेकिन उसके बारे में एक शब्द भी नहीं कहा गया। Not a word about it. ये जो नॉन-पर्फार्मिंग एसैट्स सारे बजट में हैं, इनका क्या करें?...(व्यवधान)

यह हिन्दुस्तान ही एक ऐसा बदनसीब देश है जहां जो ऐसैट्स टैक्स अदा न करें, उन्हें भी ऐसैट्स कहा जाता है।...(व्यवधान)

SHRI GURUDAS DASGUPTA (PANSKURA): Now, you are turning left!

… (*Interruptions*) Non-Performing Assets did not pile up in one year… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) ...*

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : मुझे मालूम है। हर बार बजट में नॉन-पर्फोमिंग एसैट्स का जिक्र होता था कि नॉन-पर्फोमिंग असैट्स कम करने के लिए क्या किया जाए? उनको असैट्स कहना ही बेवकूफी की बात है तो वे नॉन-पर्फोमिंग एसैट्स कहां से हो जाएंगे? परंतु इन तीन सालों में उसमें 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिकवरी पांच-सात प्रतिशत हुई है। ...(व्यवधान) आपने अपने भााण में नॉन-पर्फोमिंग एसैट्स के

बारे में जिक्र क्यों नहीं किया? हम बार-बार कह रहे हैं कि सारे अखबारों में आप खुलकर इश्तहार दीजिए। बड़े-बड़े लोग हैं जिनको सरकार अरबों रुपये का कर्जा दे रही है और जो दुनिया के बड़े-बड़े धनी लोगों में आते हैं। उनके पास बैंकों का 54,000 करोड़ रुपया फंसा हुआ है। क्यों नहीं उनके बारे में पब्लिक नोटिस लगाये जाते? कहा जाना चाहिए कि ये-ये लोग हैं जो पैसा वापस नहीं कर रहे हैं। अगर उनकी कैपेसिटी नहीं है और यदि उनमें से कोई मर गया या कुछ और बात हो गयी तो वह समझ में आती है पर अगर कोई अरबपति है जो हिन्दुस्तान की ही नहीं बल्कि विदेशों की भी बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज खरीद रहे हैं फिर वे अपने बैंकों का रुपया क्यों नहीं अदा कर रहे हैं? परंतु उसके बारे में बजट में एक शब्द भी नहीं कहा गया है। Not a word about it.

---

* Not recorded

उपाध्यक्ष जी, सरकार ने इनकम टैक्स एरियर्स का बजट में जिक्र किया है। वह कितना है? यह कुल मिलाकर 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपया है जबकि टोटल प्लान आउटले इस राशि के आसपास ही है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि इस इनकम टैक्स एरियर्स रिकवर करने के लिये क्या फॉर्मूला निकाला है? सरकार नॉन परफौर्मिंग असैस्ट्स की रिकवरी के लिये क्या कर रही है? आप 200-400 रुपये वाले को तो छोड़ दीजिये लेकिन जो बड़े-बड़े अमीर लोग हैं, उनके खिलाफ कोर्ट केसेज़ चल रहे हैं Why do not you bring a new law? इस पैसे को रिलीज़ किया जाये लेकिन इनकम टैक्स एरियर्स को रिकवर करने का उल्लेख इस बजट भाण में नहीं किया गया है।

उपाध्यक्ष जी, बजट में सरकार ने एक नई अजीब बात रखी है। एक तो यह रखा है कि जो अगले साल प्लान आउटले 30 परसेंट बढ़ा दिया, 40 परसेंट बढ़ा दिया लेकिन पिछले साल का जो टोटल प्लान आउटले 2 लाख 54 हजार 41 करोड़ रुपये था, उसमें भी 10 हजार करोड़ रुपये कम खर्च हुआ है। यह कौन सा तरीका है? प्लान आउटले रिवाइज्ड बजट बढ़ाया जाता, खर्च किया जाता, तब आप की बात सही होती लेकिन कहा जाता है कि बाद में खर्च न करो और फिर कहा जाता है कि इसे बढ़ाना है। यह सब आंकड़ों का जाल है। यह खर्चा किस किस में कम हुआ? जो सोशल सर्विसेज़ में था, 63 हजार 313 करोड़ रुपये, उसमें खर्च हुआ 59 हजार करोड़ रुपये, इसमें 4 हजार करोड़ रुपये कम खर्च किये गये। अगर मिनिस्ट्री और डिपार्टमेंट में देंगे, हर एक में कम करते जायेंगे, उनको काफी कम कर दिया गया। इस तरह बजट अलॉट कर देना लेकिन खर्च नहीं करना, फिर डायरेक्शन देना कि घाटा बढ़ न जाये, खर्च मत करो। इस तरह की मोनोपली करना ठीक नहीं है।

SHRI J.M. AARON RASHID (PERIYAKULAM): Why part of the Budget document are you referring to?… (*Interruptions*)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : I am referring to page 8 of the Central Plan Outlay. जिसमें बताया गया है कि 2006-07 में सोशल सर्विसेज में 63,313 करोड़ रुपये में से 59 हजार 43 करोड़ रुपये खर्च हुये। इसके बाद सैंट्रल प्लान आउटले में 2 लाख 54 हजार 41 करोड़ रुपये था, उसमें भी 10 हजार करोड़ रुपये कम खर्च हुआ है। यह मैं इसलिये उल्लेख कर रहा हूं कि इसके पहले वायदा किया गया, ढिंढोरा पीटा गया था। इसके बाद फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व बताया गया कि यह 180 बिलियन डालर है, उसका क्या उपयोग किया जा रहा है? आप आश्चर्य करेंगे कि अगले साल में डैट सर्विस 4 लाख 21 हजार, 219 करोड़ रुपये है जबकि हमारा टोटल रेवेन्यू 4 लाख 86 हजार करोड़ रुपये है। Am I wrong? इसमें कितना फर्क है? जितना पैसा है, वह डैट सर्विस में से निकल रहा है,

प्लान में पैसा कहां जायेगा? अगर आप ज्यादा खर्च कर लेंगे तो उसमें डालने की कोशिश कर रहे हैं। यह सारा डैट सर्विस का पैसा हमारे पास है, आपको देश को डैट ट्रेप से बचाने का प्रयास करना चाहिये। मेरा कहना है कि इस बारे में विचार किया जाये।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं दो बातें कह कर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। एक तो शिक्षा के बारे में है। सरकार का वायदा था कि जी.डी.पी. का 6 प्रतिशत खर्च करेगी परन्तु इस दिशा में क्या हालत है? कुल मिलाकर शिक्षा पर नकारात्मक खर्च किया जा रहा है। शिक्षा में खासकर जो 14 वर्ा तक के बच्चे हैं, उनके लिए सर्व शिक्षा अभियान पर लगभग 34.4 प्रतिशत पैसा कम हुआ है। सर्वशिक्षा अभियान ऐसी योजना है जिससे हम समाज को शिक्षित बनाना चाहते हैं, परंतु उसमें भी पैसा कम कर दिया है। आज कोई बच्चा हमारे सरकारी स्कूलों में नहीं जाना चाहता क्योंकि स्कूलों की हालत बहुत खराब है। टाट-पट्टी नहीं, कमरा नहीं, कुछ नहीं। हर आदमी पब्लिक स्कूल में अपने बच्चे को डालना चाहता है। कोई दून स्कूल में पढ़ाते हैं, कोई किसी और स्कूल में पढ़ाते हैं। परंतु जो सचमुच में गरीब बच्चे हैं जिनको सर्वशिक्षा अभियान के तहत शिक्षित करना था, उन पर ज्यादा रुपया लगाना चाहिए था। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Aaron Rashid, please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is going on record.

(Interruptions) ...*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) ...*

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : 2003-04 में छः एम्स खोलने की बात हुई थी। सब जगह शिलान्यास कर दिये गए, रुपया रख दिया गया। इस सरकार को सत्ता में आए तीन साल बीत गए लेकिन एक भी एम्स नहीं खुला और एक पर भी काम नहीं हो रहा है। अस्पतालों के बाहर मरीज़ दम तोड़ते हैं। गरीब आदमी प्राइवेट अस्पताल में नहीं जा सकता। आज हज़ारों की तादाद में प्राइवेट अस्पताल बन रहे हैं। ये एम्स अस्पताल जो बिहार और अन्य जगहों पर बनने थे, उनका बजट में कोई उल्लेख नहीं है और न कोई प्रावधान उनके लिए किया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो लापरवाही की गई है, वह बहुत आपत्तिजनक है। दो बातों का ज़िक्र मैं और करना चाहता हूँ।

---

* Not recorded

इंटरनल सिक्यूरिटी पर हर रोज़ चर्चा हो रही है। प्रधान मंत्री से लेकर गृह मंत्री तक के रोज़ बयान आ रहे हैं कि Everything under the Sun in India is the target of these terrorists. अभी मैं कल फिर पढ़ रहा था कि हमारे जितने तट हैं, वहां पर कहीं न कहीं हमला होने वाला है और इसके लिए सावधान कर दिया गया है। हमारे किसी टापू पर आकर वे बैठ जाएंगे और वहां से हमला करेंगे, यह भी बार-बार कहा जा रहा है। दिल्ली की मैट्रो रेल खतरे में है और ताजमहल भी खतरे में है, यह कल परसों समाचारों की हैडलाइन्स थीं। हमारे न्यूक्लियर और पावर इंस्टालेशन्स के संबंध में भी आपकी तरफ से बयान आ रहे हैं। अगर इतनी भयंकर स्थिति है तो उसके लिए बजट में क्या किया गया है? कोई प्रावधान है, होम मिनिस्ट्री का कोई एलोकेशन बढ़ाया या कोई सैन्ट्रल ऐजेन्सी बनाकर जितना बड़ा खतरा है, उसका मुकाबला करने के लिए कोई प्रावधान किया कि हमने ये प्रावधान कर दिया? मैंने होम मिनिस्ट्री के आंकड़े देखे थे। मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। जो मिनिस्ट्रीवाइज़ इसमें दिया था, उसमें से मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स में सैन्ट्रल प्लान आउटले में 366 करोड़ रुपये रखे थे। उसमें से 317 करोड़ रुपये खर्च किये गए और अगले साल के लिए 459 करोड़ रुपये कर दिये। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सरकार कितनी सीरियस है इसका कोई अभिप्राय इस बजट से नहीं निकलता कि हम आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए जितना रुपया चाहिए था, उसके मुताबिक विशेा योजनाएं बनाकर इस बजट में कहीं न कहीं उल्लेख होना चाहिए था, लेकिन उसका कोई उल्लेख नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, यहां पर यूथ का बड़ा ज़िक्र किया जा रहा है। नौजवानों के बारे में कहते हैं कि वे देश की रीढ़ की हड्डी हैं। नौजवानों के लिए यह सरकार क्या कर रही है? अध्यक्ष जी, पिछले साल यूथ और स्पोर्ट्स पर, इस देश के सारे युवा कार्यक्रम और खेलों को मिलाकर कुल एलोकेशन 600 करोड़ रुपये था और सिर्फ 500 करोड़ रुपये खर्च किये गये। सौ करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किये।

अगले साल 700 करोड़ रुपये एलोकेशन कर दिया। कितने में से? 3,19,992 करोड़ रुपये के प्लान में युवा कार्यक्रम और खेलों के लिए के वल 700 करोड़ रुपये रखे गए। यह कितना बनता है? 0.25 प्रतिशत या 1 प्रतिशत का भी चौथाई बनता है। इतना कम पैसा ये युवाओं पर, [H29]देश की राट्रीय एकता पर और खेलों पर खर्च करेंगे?

चिदम्बरम साहब बहुत बार ज़िक्र कर देते हैं कि राजीव गांधी जी ने 1982 में खेल कराए थे, हम भी उससे बढ़िया खेल करके दिखाएंगे। मैं उनको बताना चाहता हूं कि उस समय प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी नहीं थे, श्रीमती इंदिरा गांधी जी थी। मैं उनको यह भी बताना चाहता हूं कि पहले 1982 के खेलों की आयोजन समिति का मैं अध्यक्ष था। 500 करोड़ रुपये यह सरकार खेलों पर खर्च कर रही है जबकि चीन 20 हजार करोड़ रुपये खेलों पर खर्च करता है। यहां जो लोग पैसा खर्च कर रहे हैं, ये खिलाड़ियों पर खर्च नहीं कर रहे हैं, बल्कि इनफ्रास्ट्रक्चर और सुपरविज़न जैसी चीजों पर कर रहे हैं। बार बार आपसे कहा गया है कि खिलाड़ियों की ट्रेनिंग वगैरह पर ज्यादा खर्च किया जाए। मैडल कैसे जीते जाएंगे? आपने क्या किया कि दिल्ली में होटल बना दो और दिल्ली में जो होटल बनाएगा, उसको टैक्स में पूरी छूट दी जाएगी। उनको करोड़ों रुपये की छूट आप दे रहे हैं। वे होटल बनाएंगे और वे होटल खेलों के काम नहीं आएंगे। हर कॉमनवैल्थ खेल में मैं गया हूँ। ... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपके भााण में भी और मिनिस्टर साहब के भााण में भी कहा गया लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि 1982 में जब गेम्स हुए थे तो उस वक्त राजीव गांधी जी नहीं, इंदिरा गांधी जी प्रधान मंत्री थीं।

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : यही तो मैं कह रहा हूँ।

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने ऐसा कहा है।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : वे जब भी आते हैं, हर बार कहते हैं। पहली बात मैं उनको समझा दूँ कि These are not Congress Games or UPA Games. … (*Interruptions*) ये सारे देश के खेल हैं और जिस दिन इन खेलों को घोाणा हुई थी, उस दिन एनडीए सरकार थी। एनडीए सरकार इन खेलों को हिन्दुस्तान में लाई। उसके बाद भी हर बार इसका जिक्र करना ठीक नहीं है। दिल्ली में जो चार सितारा होटल बनाने के लिए आपने सैकड़ों करोड़ रुपये की छूट करों में दी है, उससे उन बिल्डर्स पर कोई कर नहीं लगेगा और खिलाड़ी का जो खाना है, उसकी सीमा सौ रुपये से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपये भी नहीं होगी। पहले जो 20 लाख रुपये गोल्ड मैडलिस्ट को दिये गये, एशियन खेलों में और कॉमनवैल्थ खेलों में, आपने उसको कम करके छः लाख रुपये कर दिया है। क्या होटल मैडल जीतेंगे या इनफ्रास्ट्रक्चर मैडल लाएगा? अगर आप खिलाड़ियों पर खर्च करेंगे, उनको फॉरेन एक्सपोज़र देंगे, बैस्ट कोचेज़ देंगे तो वे मैडल लाएंगे। ...(व्यवधान) आपको आश्चर्य होगा कि युवा कार्यक्रम और खेलों को मिलाकर 600 करोड़ रुपये में से 500 करोड़ रुपये खर्च किये और अगले साल 700 करोड़ रुपये रख दिये। आखिर कौन से नौजवानों का भला इससे किया है? महिलाओं के लिए क्या किया है? महिला सशक्तीकरण दिवस पर बड़ी भारी चर्चा की गई। महिलाओं के लिए सिर्फ यह कहा कि उनके लिए बजट को काटकर अलग कर दिया जाएगा, और कोई घोाणा उनके लिए नहीं की। हर चौथा बच्चा सैक्स एब्यूज़ का शिकार है। कल मैं यूनैस्को की रिपोर्ट देख रहा था कि छः करोड़ बच्चे कुपोाण का शिकार हैं। बजट में इनके संबंध में कोई उल्लेख नहीं है। बजट में उल्लेख है कि हम मुसलमानों के लिए क्या कर रहे हैं। पहले तो माइनारिटीज़ का आ वरण था कि हम माइनारिटीज़ के लिए कर रहे हैं। हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार माइनारिटीज़ का नाम छोड़कर, माइनारिटीज़ का नाम मुसलमान किया गया और उसके बाद प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि हमारे देश के सारे खजाने पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। यह किस प्रकार का स्टेटमैंट है? यह कम्युनलाइज़ेशन ही है और ब्रैज़नली कम्यूनल माइन्डसैट को प्रकट करता है। हालांकि इसमें रकम कोई ज्यादा नहीं है, पर मुसलमानों के लिए छात्रवृत्तियां आदि। यदि एक गरीब आदमी अनुसूचित जाति का रहेगा तो उसको वजीफ़ा नहीं देंगे और उससे कम होगा तो मुसलमान को वहां वज़ीफ़ा देंगे। आपने पहली बार हिन्दुस्तान के इतिहास में बजट को कम्यूनलाइज़ किया है। पाकिस्तान में भी ऐसा नहीं होता, कोई दुनिया का मुल्क नहीं करता, परन्तु यहां किया जा रहा है। यह ऐसा है कि इस देश पर अगर आपका बस चले तो इसे आप इस्लामिक रिपब्लिक ही बना डालें। आखिर इस तरह से क्या किया जा रहा है? आपने इस देश में 40 साल राज किया।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: आप बैठ जाइए। जब आपकी बारी आएगी, तब आप बोल लेना।

...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Member, please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded.

(Interruptions) ...*

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : That is what I am saying. You have said it rightly.… (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय: आप बैठ जाइए।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष जी, मैं यही बात कह रहा हूं।...(व्यवधान) यहां इस देश में जिस पार्टी ने 40 साल राज किया, बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी ने किया, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह जी ने किया, अगर मुसलमानों की स्थिति खराब है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार है? ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: आप हो।...(व्यवधान)

---

* Not recorded

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : हम उस समय गवर्नमेंट में नहीं थे। जम्मू-काश्मीर में हम गवर्नमेंट में नहीं थे, बंगाल में हम कभी गवर्नमेंट में नहीं आए और वहां सबसे ज्यादा खराब हालत है। उसके लिए कौन जिम्मेदार है? आप समझते हैं कि दो सौ, तीन सौ, चार सौ करोड़ रुपए, आपने ठीक कहा कि यह अमाउंट क्या है। क्या इससे उनकी स्थिति सुधर जाएगी? आप कम्युनली डिवाइड क्यों कर रहे हैं? अगर आप यहां मुस्लिम कमीशन बनाने की बजाए इक्वेलिटी कमीशन बनाते, देश में एक समानता लाने का कमीशन बनाते, जो गरीब और अमीर का, हिन्दू और मुसलमान का, महिला और पुरुा एवं बच्चों का, सब का, सब में एक इक्वेलिटी लाने की बात करते, उसमें रुपया रखते तो बात समझ में आती। यहां 26 करोड़ रुपए की, बिलो पावर्टी लाईन के बारे में चर्चा नहीं, यहां मुसलमान हैं, उनके लिए हम ये कर रहे हैं, उनके लिए पहले अधिकार दे रहे हैं, उनके लिए फलां कर रहे हैं। आप उनकी मदद नहीं कर रहे हैं, आप ये देश भर में डिवाइड कर रहे हैं, देश भर में एक रिएक्शन पैदा कर रहे हैं। जैसे कि आप कोई मुस्लिम प्रिय नहीं हैं, हिन्दू विरोधी है, आप यह साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: आप बैठ जाइए। जब आपकी बारी आएगी तब आप बोलना।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष जी, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह बजट पूरी तरह से गरीब विरोधी और जन विरोधी है। यह गरीब कर्मचारी एवं आम आदमी विरोधी है। ये सारे सा सारा बजट, पूरी तरह से यहां बच्चों से लेकर महिलाओं तक, कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जिसमें इस बजट में विश्वासघात न किया हो। चिदम्बरम साहब केवल मात्र इस बात के लिए याद किए जाएंगे "मैरी अंतेवेत" की स्टेटमेंट से, इतिहास में लिखा जाएगा, It is a good news for the entire country! जो कुत्ते और बिल्ली के खाने के बारे में दी थी, यही इतिहास में रह जाएगा। इस बजट का वही केवल अंश है, जो इनके माइंड सेट को प्रकट करता है। यह बजट जिस तरह से बनाया गया है, उसका मैं विरोध करता हैं।

SHRI K.S. RAO (ELURU): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I have heard with rapt attention what my friend Prof. Vijay Kumar Malhotra, coming from the BJP, spoke about the Budget. He mentioned many a time about the poor, about the rural sector and the farmers. At least, I am happy that he is speaking now from the Opposition Benches. They never spoke anything about such people when they were sitting in the Ruling Benches. But even by sitting in the Opposition Benches also, I would say - though I belong to the Congress Party, the UPA alliance - I did not find any effective criticism supporting the poorer sections of the society in his speech. I will mention how it is not.

To begin with, my friend Prof. Malhotra was speaking about the impressions of the industry, trade and the expressions made in the newspapers stating that this Budget is a lackluster Budget and it is not motivating people, this and that.

Sir, I do not have anything against newspapers. Have we come across one instance in this country where the industrial sector or industrialists or traders have spoken anything about their responsibility towards poorer sections of the society? If they were to make criticism against any Budget or a Government, invariably they speak about reduction in tax rates, but statistics reveal that in this country rich people are paying the lowest tax. Though it is mentioned on the headlines that 30 per cent tax on the corporate sector plus surcharge etc., because of the several exemptions given, ultimately it does come to even 19.2 per cent. So, if the industrial sector, the traders or the business community in this country were to say that tax rates have not come down, it means they do not have any responsibility or any sympathy for the poor people who are living in large numbers in this country. If they were to say, 'All right, we make money, we are only acting as trustees of corporate houses and we will spend much of our wealth only for the betterment of poorer sections and to improve their lot', I would have been very happy.

Sir, I quote an instance of how newspaper reporting goes on in this country. In 1977, I was campaigning for the Congress Party in Machlipatnam Parliamentary Constituency of Andhra Pradesh. At that time, I was not a Member of Parliament. When I was going for campaigning in the morning, I saw a slogan written on the wall which said: 'If you want freedom of the Press, you must vote for the Janata Party'. The other slogan I saw was: 'If you want democracy and not dictatorship, you vote for the Janata Party'. Immediately I went back to my house and asked my people to write the following below that slogan stating is it that 'If one were to have power and position, then it is democracy and if one were to lose that power, it is dictatorship'. The same leader who was in the Congress Party earlier was telling time and again that it is a democracy which he is representing as a Congress Party member. But when he went out of the Congress Party, he said that it was dictatorship.

When they wrote about freedom of the Press, the next moment I got it written there as follows: 'Do you require freedom for the Press or Press owners?' Tell me, today in which newspaper the editor or the journalist has got the freedom to write about an issue where it contradicts the opinion of the newspaper owner? How much value have these comments of the Press got? Did they ever comment about the rich people of about the corporate sector? If an industrialist makes hundreds of crores and whose share value has gone up from Rs. 10 to Rs. 3,000, did he ever say as to how he made that money? Is it not because he is

charging more than what he deserves? Is it not because he has increased the cost of the services that he is providing or increased the cost of the commodity that he is manufacturing? Did newspapers question that any time? No, and my friend wants to depend on comments made by such newspapers and not on statistics. I would have been very happy had he mentioned something about statistics and gave suggestions in detail as to how the lot of the poor man has to be increased. If he had spoken that unless the purchasing power of 65 per cent of the people living in rural areas increases no industry can flourish in this country, I would have been very happy, but he did not do that. He only said that this Government has not done anything to agriculture, this Government has not done anything to the common man, the poor people below the poverty line, employees etc.

Sir, I will now come to all his points one by one. He said that this Government has not done anything to the farm sector. When they were in the Government, did they ever think in terms of increasing the credit to the farm sector? I am very happy that the day the UPA Government came into power, they realized the importance of the farm sector and the rural sector.[R30]

Unless the income of 65 per cent of the people living in the villages goes up and unless their living standards go up, this country cannot grow, and no country can develop. If the manufacturers produce millions of goods, who will purchase? Are they purchased by the same 35 per cent people? That is why, I say that I am happy that this Government has realized at least now that we have to take care of the farm sector and unless the people below the poverty line are taken care of, there is no future for us.

Simply because he is sitting in the Opposition, he is criticizing, and I do not find fault in that. I will support if he has criticized much more with points but he has criticized without any points. He said that China has got a growth rate of 10 to 11 per cent but their inflation is only two per cent. I am happy that at least today he is praising China, a communist country, which they never did, and they had opposed all the time.

Sir, what was the growth rate during the NDA regime? Did they ever see that? It was four per cent or 4.5 per cent, and sometimes it was even less than that. Now, today we can say proudly that the growth rate is 9.2 per cent, and we aim at more than 10 per cent. We have got confidence in that. The entire globe has realized that this country is prospering very well particularly the growth is very visible in the last three years. How can we find fault in that?

महोदया देश में सोने की जो खपत हो रही है, उसमें भारत में विश्व का पाचवां स्थान है और भारत में सोने का भंडार कुल ि वश्व का 10 प्रतिशत है। हमारे देश में हीरे, आभूाण और सोने के जेवरात विश्व में बहुत प्रसिद्ध हैं और हमारे देश के मजदूर जिस कला का काम इन आभूाणों पर करते हैं, वह भी बेमिसाल है। परंतु जब व देश में जो उत्पादित सोने और अन्य आभूाण का निर्यात करते हैं, उस पर 5 प्रतिशत का कर लगाया जाता है और इन आभूाणों और सोने के कच्चे माल पर 2 प्रतिशत का कर लगाया जाता है, जिसके कारण लोग उत्पादित माल की बजाय कच्चे माल का निर्यात करने में ज्यादा रूचि रखते हैं। जिससे हमारे देश के कई लाख कारीगर बेरोजगार हो गए हैं। देश में कच्चे माल को निर्यात करने में ज्यादा टैक्स लगे और उत्पादित आभूाण वस्तुओं पर कम निर्यात कर लगे, जिससे देश के हीरे के आभूाण, सोने के आभूाण एवं अन्य आभूाण को निर्यात बढ़ सके और यहां के कारीगरों को काम मिल सके।

महोदया, देश में तिलहनों की उपज महाराट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों के किसान काफी मात्रा में करते हैं, परंतु उनको कृाि फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने में काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। उन्हें कई औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं। इन दिक्कतों को दूर किया जाना चाहिए और देश में श्रीलंका और अन्य देशों से कम आयात कर के कारण खाद्यान्न तेलों का आयात किया जा रहा है, जिसके कारण इन तिलहन फसलों किसानों को उनकी उपज का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि देश खाद्य तेलों के आयात को कम करने के लिए इनके आयात कर में बढ़ोत्तरी करे।

महोदया, वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि इन्कम टैक्स की सीमा को बढ़ाकर डेढ़ लाख कर दिया जाए, जिससे बढ़ती महंगाई से लोगों को राहत मिल सके औरे मध्यम वर्ग को लाभ मिल सके, क्योंकि लोगों का कहना है कि मध्यम वर्ग को इस बजट से कोई फायदा नहीं हुआ है।

महोदया अंत में मैं भ्रटाचार की तरफ सरकार का ध्यान लाना चाहूंगा कि देश में सरकार चाहे कितनी प्रयत्नशील हो, चाहे कितना धन दिया जाए और कितने ही भााण दिए जाएं, जब तक हम भ्रटाचार पर नियंत्रण नहीं करेंगे, तब तक देश के विकास की बात नहीं सोच सकते, क्योंकि विकास की हर बात को भ्रटाचार खा जाता है। देश में जितना राजस्व आना चाहिए, उतना नहीं आ पाता है, जबकि कारपोरेट ओर निजी क्षेत्र में जो विकास हुआ है, उसके बराबर राजस्व देश को नहीं मिला है। राजस्व विभाग में ही भ्रटाचार नहीं है। आज हर विभाग में भ्रटाचार है। सब जगह काम के रेट तय हैं।

आज जरूरत इस बात की है कि इस प्रकार की जो प्रक्रिया कर रहे हैं, उनको पकड़कर दंडित करने किया जाए। भ्रटाचार का पता लगाने की प्रक्रिया में बहुत कमी है, उसमे सुधार लाया जाए। भ्रटाचार की एवज में जो सजा मिलती है, उसकी प्रक्रिया में आरोपी बच जाते हैं, इसमें सुधार किया जाना चाहिए।

महोदया बजट देश के विकास में सहायक रहेगा, ऐसा मेरा विश्वास है और मैं इसका समर्थन करता हूं।

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदया, वर्ा 2007-08 बजट पर बोलते हुये मैं शुरुआत में माननीय वित्त मंत्री श्री चिदम्बरम जी को बधाई देना चाहूंगा कि उनके कुशल नेतृत्व और वित्तीय प्रबंधन ने देश को उच्च प्रगति के रास्ते पर डाल दिया है और 9.2 प्रतिशत की ऐतिहासिक विकास दर हासिल कर यू.पी.ए. सरकार 11वीं पंचवर्षीय योजना में faster and more inclusive growths को तय करके भारत निर्माण के शिखर की दिशा में यह बजट कटिबद्ध है। यह निश्चित रूप से चिन्ता की बात है कि 10वीं पंचवर्षीय योजना में विकास दर 4 प्रतिशत होनी चाहिये थी, उसके मुकाबले मात्र 2.3 प्रतिशत ही रही है लेकिन यह यह बजट बहुत सुगम है जिसकी 11वीं पंचवर्षीय योजना में कृाि को सर्वोपरि रखने को प्राथमिकता दी गई है। इस बजट में भी गांव की खेती को सम्पूर्ण प्राथमिकता देने की बात कही गई है। देश की 80 प्रतिशत जनता गांव में रहने वाली आबादी हैं। हमें कृाि क्षेत्र में आजीविका हासिल करने वाले लोगों को सम्पूर्ण साधन समर्पित करने होंगे।[s79]

सभापति महोदया, किसान को अपनी फसल का लागत मूल्य नहीं मिल पाता। यही सबसे बड़ा कारण रहा है देश में आत्महत्याओं का, किसानों की गरीबी का, ग्रामों के विकास नहीं होने का। इसलिए इस ओर संपूर्ण ध्यान दिया जाना चाहिए कि किस तरह से किसानों को उसकी लागत का मूल्य मिल सके, किस तरह से वह अपने परिवार की रोज़ी-रोटी कमा सके। मैं जिस क्षेत्र अलवर से आता हूँ, वहां पर सरसों की बम्पर क्रॉप होती है। जब सरसों की फसल निकलकर बाज़ार में आती है तो उसका समर्थन मूल्य 1715 रुपये होता है लेकिन बाज़ार में उसकी कीमत 1200-1300 रुपये देकर व्यापारी खरीदता है, घोाणा होने के बावजूद। सरकारी एजेन्सियां और राज्य सरकारें ऐसे मामलों में बहुत ढिलाई बरतती हैं और उसी का नतीजा है कि किसान को अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ती है। यद्यपि इस बजट के अंदर टैक्स में कुछ कटौती की गई है - क्रूड आइल, पाम आइल जो हम बाहर से आयात करते हैं। मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा कि सरसों की कीमत इसलिए नहीं मिल पाती कि श्रीलंका और नेपाल से हमारा जो समझौता है, उसके आधार पर डयूटी फ्री इंपोर्ट होता है और करीब ढाई-तीन लाख टन वनस्पति देश के अंदर आ जाता है। पिछली बार भी मैंने इसकी काफी चर्चा की थी और यहां आश्वासन दिया गया था कि श्रीलंका से आने वाले वनस्पति की मात्रा को कम किया जाएगा। इसके लिए नैफेड को कैनालाइज़िंग एजेन्सी भी बनाया गया था। यहां इस सदन में माननीय कृाि मंत्री और उद्योग मंत्री महोदय ने कहा था कि अब जो वनस्पति आयात की जाएगी, वह रेगुलेटेड होगी, निश्चित मात्रा में होगी। लेकिन श्रीलंकन वनस्पति प्रोड्यूसर्स की इतनी बड़ी लॉबी है कि उन्होंने सरकार पर प्रभाव डालकर उस कैनालाइज़िंग एजेन्सी को हटाकर फिर वापस सरकार के हाथों में दे दिया। यहां जो सरसों, मूँगफली और सोया पैदा होता है, वह गोदामों में पड़ा रह जाता है और बाहर का तेल और घी आकर यहां बिकने लगता है। यह सरकार की नीतियों से जुड़ा हुआ मामला है। अलवर, भरतपुर और उत्तर भारत में जहां बहुत ज्यादा

सरसों और मूँगफली पैदा होती है, उन किसानों को उचित मूल्य इसी कारण से नहीं मिल पाता। इसकी तरफ मैं माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूँगा।

मैं यह भी कहना चाहूँगा कि एग्रीकल्चरल इंश्योरेन्स स्कीम्स को व्यावहारिक बनाना पड़ेगा। मैं कल अपने क्षेत्र अलवर में था। वहां इतनी अच्छी सरसों की लहलहाती फसल पक गई, लेकिन बहुत खेद के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि कल रात में जो बिना मौसम की बरसात आई, उसने सारी फसल को बरबाद कर दिया। वहां उसकी फलियां गिर गईं। आज अलवर, भरतपुर और उत्तर भारत का किसान मासूम बैठा हुआ है। सरकार की जो इंश्योरेन्स पॉलिसीज़ हैं, उनको व्यावहारिक और तर्कसंगत बनाकर उनका रिस्क कवर करके उनको लाभ मिल सके, इस तरह के प्रावधान बजट में किये जाने चाहिए। यद्यपि 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, लेकिन मैं समझता हूँ कि वह बहुत कम है।

सभापति महोदया, सामाजिक न्याय यूपीए सरकार का मुख्य ध्येय रहा है। आम आदमी बीमा योजना ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को सुरक्षा कवच प्रदान करेगी, लेकिन इसकी सफलता राज्य सरकारों के सहयोग पर निर्भर है। 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकारों को देनी होगी और मुझे संदेह है कि कौन सी राज्य सरकार और खास तौर से जो विपक्ष की सरकारें कुछ राज्यों में बैठी हैं, वे इसमें कितना सहयोग करेंगी, यह प्रश्नचिह्न है। इसलिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वह इसके लिए पूरा बजटीय प्रावधान करे, तभी इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मिल पाएगा। भारत निर्माण में यूपीए के अन्य जो फ्लैगशिप प्रोग्राम्स हैं, उनके लिए अच्छे बजटीय प्रावधान किये गये हैं। वे स्वागत योग्य हैं। ग्रामीण सड़कों को अधिक धनराशि आबंटित करनी होगी। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना से कुछ गाँव ज़रूर जुड़े हैं, लेकिन आज भी लाखों गाँव ऐसे हैं जहां सड़क के साधन नहीं हैं और इस कारण गाँव विकसित नहीं हो रहे हैं। इस मामले में और अधिक ध्यान देना होगा। [H80]

सर्वशिक्षा अभियान में अधिक धनराशि देकर, दो लाख नये अध्यापकों की नियुक्ति, 50 लाख नयी पाठशालाएं, नये कमरों के लिए जो बजट प्रावधान किये गये हैं, वे निश्चित रूप से स्वागत योग्य हैं। अब सर्वशिक्षा अभियान सैकेंडरी लैवल तक पहुंचाया जा चुका है। मैं नि वेदन करना चाहूंगा कि गांवों में जो सैकेंडरी और सीनियर सैकेंडरी स्कूल हैं, वहां सिर्फ आर्ट्स की पढ़ाई होती है। वहां आप हिन्दी, अंग्रेजी और सोशल साइंस पढ़ लीजिए। आज जब हम व्यावसायिक शिक्षा की, टैक्नीकल एजूकेशन की बात करते हैं, गांव का विद्यार्थी कभी नहीं पढ़ सकता। इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगा कि स्पेशल बजट इसी बात के लिए दिया जाए ताकि गांवों स्कूलों में विज्ञान आदि सब्जैक्ट पढ़ाये जा सकें और इनकी लेबोरेट्रीज खुलें। गांव के बच्चों को साइंस दसवीं और 12वीं तक पढ़ने का मौका मिलेगा, तभी वे शहर के अंदर अपनी कुछ प्रेजैंस शो कर सकेंगे और व्यावसायिक कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकेंगे।

सभापति महोदया, यहां एक प्रतिशत सेस सैकेंड्री शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए लगाया गया है और 54 प्रतिशत उन सीटों को बढ़ाने के लिए लगाया गया है, जिनमें केन्द्रीय संस्थान, आईआईएम, आईआईटी, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंसेज़ शामिल है। पिछले साल इसी सदन में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव करके यह पारित किया गया था कि केन्द्रीय संस्थानों में, अनुसूचित जाति एवं जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण दिया जाएगा। मैं आपका ध्यान इस तरफ दिलाना चाहूंगा कि इन संस्थानों में जो विकृत मानसिकता के लोग बैठे हुए हैं, जो आरक्षण शब्द से ही नफरत करते हैं, आरक्षण के विरोधी हैं, इस तरह का जो वर्ग वहां बैठा हुआ है, वह इतनी बड़ी-बड़ी डिमांड बना कर भेज रहा है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट के अंदर 54 प्रतिशत सीट बढ़ाने के लिए आज वहां शायद पच्चास बच्चे है, उसे बढ़ाकर 80 करने के लिए दो-तीन हजार करोड़ रुपए का बजट बना कर भेज दिया गया है। जब विभाग से पूछा गया कि आप कितना पैसा चाहते हैं, तो इतनी एस्ट्रोनोमिकल फीगर्स बता दी गईं। मैं समझता हूं कि सरकार के लिए भी यह करना बहुत मुश्किल होगा। इसलिए जरूरी है कि सरकार तर्कसंगत जितना पैसा वे मांगते हैं, जैसे कुछ लेक्चर थियेटर्स चाहिए, मैं समझता हूं कि कुछ होस्टल्स हैं, जो सबसे पहले चाहिए। जिस कमरे में 50 बच्चे बैठ सकते हैं, सौ बच्चे बैठ सकते हैं, वहां इतनी बड़ी फेकल्टीज हैं, जहां ये बच्चे पढ़ सकते हैं। उनके लिए कोई बहुत अधिक प्रावधान करने की जरूरत नहीं है। जिनके मन में कुछ करने की इच्छा हो, अगर मैं आज ऑल इंडिया में आपके आशीर्वाद से कहीं बैठा हुआ होता, तो शायद पूरा 27 प्रतिशत पहली स्टेज में कर देता। आज वहां जो लोग बैठे हुए हैं, वे तीन साल में भी इसे पूरा कर पाएंगे या नहीं, इस बारे में हमें सोचना होगा। इसलिए कम से कम उनके पास यह गुंजाइश न रहे कि हमें बजट नहीं दिया गया, इसलिए हम इसे नहीं बढ़ा सके। इसलिए उनका जितना तर्कसंगत बजट है, उतना जरूर दिया जाए, उसके लिए विशेा प्रावधान किया जाए, अन्यथा सदन में बैठ कर हम यह निर्णय लें कि इन पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए धनराशि मुहैया की जाएगी, यह सिर्फ सपना ही रह जाएगा।

सभापति **महोदया**, मैं यहां इस बात के लिए बधाई देना चाहूंगा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों को पीएचडी और एम. फिल. में दी जाने वाली राजीव गांधी स्कॉलरशिप में वृद्धि की गई है। एससी, एसटी की पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप, जो पिछले वर्ा 440

करोड़ थी, उसे बढ़ा कर 611 करोड़ रुपए किया गया है। मैं समझता हूं कि यह भी कम है। मैं राजस्थान के जिस प्रदेश से आता हूं, वहां अनुसूचित जाति एवं जनजाति की काफी बड़ी संख्या है और पिछले साल वहां अनुसूचित जाति एव जनजाति के छात्रों को, वहां के समाज कल्याण विभाग के दफ्तरों के आगे धरने देने पड़े, प्रदर्शन करने पड़े, तब जाकर वहां की राज्य सरकार ने यहां से बजट मांगा और वह भी मैं समझता हूं कि पूरा बजट वहां नहीं पहुंच पाया। इसलिए एक तरफ जब भी आरक्षण की बात की जाती है तो यह कहा जाता है कि इन्हें पढ़ाओ, इन्हें पढ़ने की सुविधा दो, स्कॉलरशिप दो, लेकिन जब इन्हें स्कॉलरशिप देने का टाइम आता है, उस वक्त बजटीय प्रावधान इतने कम होते हैं कि हम अपने सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को क्रियान्वित नहीं कर सकते। यहां जो ओबीसी के लिए आरक्षण की बात की जा रही है, an amount of Rs. 91 crore has only been provided for scholarships of OBC students in this country. In regard to the OBC community, which is 54 per cent of the population, for whom the reservations have come, for whom legislations have been made and then we say that they should be educated properly, when the question of giving them the scholarship comes, only an amount of Rs. 91 crore is given. That is a very very meager sum. [MSOffice81]

सभापति महोदया, यह 'ऊंट के मुंह में जीरे' के समान है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वे आकलन कराएं कि ओ.बी.सी. के कितने छात्र पढ़ रहे हैं। राज्यों से उनकी डिमांड मंगवाएं और उसके आधार पर बजटीय प्रावधान करें। शुरू के साल में आपने कहा कि जो लोग छात्रावासों में रहते हैं, आप केवल उन्हें स्कॉलरशिप देंगे। जो राज्यों के कॉलेजों में पढ़ रहे हैं, जो प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रहे हैं या जो जातीय छात्रावासों में रह रहे हैं, जैसे मराठा छात्रावास, जाट छात्रावास, महावर छात्रावास गूजर छात्रावास या माली छात्रावासों में पढ़ने वाले बच्चों को आप स्कॉलरशिप नहीं देंगे। लोग सरकारी कॉलेजों में इसलिए पढ़ रहे हैं क्योंकि प्राइवेट कॉलेजों की फीसें बहुत बढ़ गई हैं। यदि आप को उन लोगों को आगे पढ़ाना है, उन्हें आगे तरक्की पर पहुंचाना है और देश में सामाजिक समरसता लानी है, तो उनके लिए धन का ज्यादा प्रावधान करना होगा।

सभापति महोदया, इसी के साथ, मैं अल्पसंख्यकों की बात कहना चाहता हूं। इस देश में अल्पसंख्यकों को बराबरी पर लाने के लिए विशेा प्रयास करने होंगे। इस बजट के अंदर कुछ कोशिश की गई है। मैं अलवर के जिस क्षेत्र से आता हूं, वह मेवात का क्षेत्र है। वह शैक्षणिक दृटि से इतना पिछड़ा क्षेत्र है कि उतने पिछड़े अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के क्षेत्र कहीं नहीं होंगे। उस क्षेत्र में आजादी के 60 सालों के बाद अभी भी स्कूलों और शिक्षण संस्थाओं की बहुत कमी है। मैं बताना चाहता हूं कि अलवर, भरतपुर और हरियाणा के मेवात इलाके को आगे बढ़ाने के लिए बजट में विशेा प्रावधान करने होंगे। वहां स्कॉलरशिप देने के लिए स्कूल और कॉलेज खोले जाने चाहिए। उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा देने के लिए यह नितान्त आवश्यक है।

सभापति महोदया, मैं स्वास्थ्य के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूं। मैं इस पेशे से जुड़ा हुआ व्यक्ति हूं और जिंदगीभर गांव से लेकर शहर तक सरकारी सेवा ही करता रहा हूं। शिक्षा के क्षेत्र में राट्रीय स्वास्थ्य मिशन में जरूर अच्छा काम हुआ है, लेकिन हम जो बजट का 3.1 प्रतिशत धन आबंटित करने की बात कह रहे हैं, वहां केवल 1.3 प्रतिशत धन आबंटित कर के ही रह गए हैं। केवल 1000 करोड़ रुपए बढ़ाने से गांवों के अस्पतालों और सामुदायिक चिकित्सा केन्द्रों की स्थिति में कैसे सुधार होगा। मैं बताना चाहता हूं कि गांवों में गायकोनौलौजिस्ट हैं, सर्जन हैं और डॉक्टर हैं, लेकिन एक एनीस्थीसिएस्ट के न होने से ये सभी बेकार हो जाते हैं क्योंकि ऑपरेशन करने के लिए क्लोरोफॉर्म सुंघाने वाले विशेाज्ञ डॉक्टर की जरूरत होती है और उसके अभाव में सभी चिकित्सा सेवाएं बेकार हो जाती हैं। इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि एनीस्थीसिएस्ट की बहुत जरूरत है और उसकी व्यवस्था गांवों के अस्पतालों में अवश्य होनी चाहिए।

सभापति महोदया, मलेरिया और ट्यूबरकोलोसिस से बचाव के उपाय बजट में दर्शाए गए हैं और धनराशि की व्यवस्था की गई है, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि देश में जिस हिसाब से डायबिटीज के मरीज बढ़ रहे हैं और कोलेस्ट्रोल बढ़ने से, आर्ट्रीज के अंदर, नली में चारों तरफ कोलेस्ट्रोल जमा होने के कारण, नली में खून बहने की जगह कम होने से रक्त की जो गति बढ़ रही है, उसके कारण हार्ट अटैक के केसेस बढ़ रहे हैं। मस्तिक की नलियों में खून जमने से ब्रेन हैमरेज के केसेस बढ़ रहे हैं। हमारे देश में ये बीमारियां ऐपीडैमिक और एंडेमिक रूप में बढ़ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत में सबसे ज्यादा डायबिटीज और हार्ट अटैक के रोगी प्रति वर्ा बहुतायत से बढ़ रहे हैं। मेरी प्रार्थना है कि इन रोगों को बढ़ने से रोकने के लिए तुरन्त कदम उठाने जरूरी हैं। कुल मिलाकर मैं कहना चाहता हूं कि यह संतुलित बजट है। इसमें गरीब वर्गों और कृाि वर्ग का ध्यान रखा गया है। यदि मैं इसके बारे में लफ्फाजी भाा में लपेट कर कहता तो लोगों को बहुत आर्काण होता। मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि यू.पी.ए. सरकार और आदरणीय सोनिया गांधी जी की मनशा को देखते हुए, इस बजट का लाभ आम आदमी को होगा।

सभापति महोदया : डॉ. कर्ण सिंह जी, आपने बहुत सही और अच्छी बात कही कि देश को अस्पतालों की जरूरत है। मैं कहना चाहती हूं कि देश की बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए देश को और अस्पतालों तथा और डाक्टरों की जरूरत है।

श्री सुभाा महरिया (सीकर): सभापति महोदया, सन् 2007-08 का जो आम बजट पेश हुआ है, उसके लिए मैं सबसे पहले कहना चाहूंगा कि महंगाई की दौड़ का चूहा पकड़ने के लिए जो दौड़ लगाई गई, वह चूहा इनकी पकड़ में नहीं आया।[r82] गत वर्ा के बजट के जो लक्ष्य बताए गए थे, वे क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग की ढिलाई के कारण पूरे नहीं हो पाए हैं। गत एक वर्ा में जितनी महंगाई बढ़ी है, उतनी आजादी के बाद कभी नहीं बढ़ी है, इसे हम भली-भांति जानते हैं।

महोदया, इस देश की 75 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण अंचल में रहती है, जहां के 74 प्रतिशत लोग आज भी गरीब हैं। उन गरीबों को आज भी आधारभूत ढांचे की आवश्यकता है। आधारभूत ढांचे में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल के लिए बजट में जो आवंटन हुआ है, उसको भारत निर्माण के साथ जोड़ा गया है। इसको निश्चित रूप से हम सराहनीय कह सकते हैं। भारत निर्माण के नाम पर दो वर्ा में जो कुछ हुआ है, इसमें अभी तक जो प्रोग्रेस होनी चाहिए थी, वह आधी भी नहीं हो पाई है। आज आधारभूत ढांचे की कमी के कारण प्रतिभाशाली बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते हैं, क्योंकि उन्हें सुविधा नहीं मिल पाती है और उनका भविय उज्ज्वल नहीं हो पाता है।

महोदया, राट्रीय ग्रामीण गारण्टी योजना में 130 और जिलों को लेने की बात कही गई है। देश का सबसे बड़ा, 3 लाख 46 हजार वर्ग किलोमीटर में फैला राजस्थान राज्य है। राजस्थान के लोग आदिवासी ग्रामीण परिवेश में रहते हैं। राजस्थान सूखे से कई वर्ों से प्रभावित रहा है। देश के 600 जिलों में 130 जिले जोड़ने के बाद जो संख्या 330 बनती है, उसके हिसाब से राजस्थान के करीब एक तिहाई जिले आने चाहिए थे, लेकिन राजस्थान के मात्र 12 जिले लेने की बात कही जा रही है। राजस्थान सरकार ने जिस प्रकार से काम किया है, उस काम को देखते हुए भारत सरकार और वित्त मंत्री जी को कम से कम 8 जिले और लेने चाहिए थे।

महोदया, पूरे देश भर में किसानों की आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। मैंने स्वयं केरल में जाकर किसानों की आत्महत्या के मामले देखे हैं। किसानों के साथ वसूली के नाम पर प्राइवेट साहूकारों का जो व्यवहार रहता है, उनको जो पुलिस इमदाद मिलती है, ऐसे में जब उसके खेत में फसल नहीं होती है तो क्या स्थिति बनती है, यह आप और हम सब जानते हैं। सरकार को किसान की फसल के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर देना होगा। उस उत्पादन का सही दाम दिलाने पर भी जोर देना होगा। कई बार उसको बुआई का पैसा भी नहीं मिल पाता है, जिससे वह बैंक और साहूकारों का पैसा उतार नहीं पाता है, ऐसी स्थिति में वसूली की सख्ताई उसे आत्महत्या करने को मजबूर कर देती है। इस देश के अन्नदाता को बचाने के लिए हमें इस सदन के जरिए ठोस कदम उठाने चाहिए। किसान के साथ इस तरह का व्यवहार न हो।...(व्यवधान)

सभापति महोदया, आपको वित्त मंत्री जी से क्या कहना है, वह बताइए।

श्री सुभाा महरिया : महोदया, किसान को उसकी जमीन गिरवी रखने पर जो ऋण दिया जाता है, वह उस जमीन के मूल्य की तुलना में बहुत कम होता है। इसलिए किसान की ऋण साख को उसकी जमीन के मूल्य के हिसाब से बढ़ाया जाना चाहिए। अपनी लाखों की जमीन वह दस-बीस हजार रूपये में गिरवी रख देता है, लेकिन जब उसे और अधिक ऋण की आवश्यकता होती है तो वह ले नहीं पाता है। इससे उसके ऊपर दोहरी मार पड़ती है। राट्रीयकृत और सहकारी बैंको से उसे ऋण नहीं मिल पाता है।

महोदया, आज लघु उद्योगों के क्षेत्र में हम केवल 26.4 प्रतिशत ही उपलब्धि हासिल कर पाए हैं[r83]।

देश भर में जो बहुराट्रीय कम्पनियां आ रही हैं, बहुराट्रीय कम्पनियों को जो सहूलियतें दी जा रही हैं, वे सारी की सारी सुविधाएं लघु उद्योगों को भी मिलनी चाहिए। आज जो स्पेशल इकोनॉमिक जोन को पूरे देश भर में फैलाया जा रहा है, उनमें लघु उद्योगों के लिए जो सुविधाएं होनी चाहिए, वे सुविधाएं बहुत कम हैं। लघु उद्योगों के लिए स्पेशल लघु उद्योग एरिया बनने चाहिए। राजस्थान जैसे प्रदेश में आज लघु

उद्योगों के लिए रियायतों वाला प्रदेश नहीं बनाया गया है। हमारे पड़ोस में ही हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार की रियायतें दी गई हैं। राजस्थान तो निश्चित रूप से लघु उद्योगों के लिए रियायतों वाले प्रदेश में रखा जाना चाहिए, यह मेरी ओर से निवेदन है।

खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए जो सुविधा देने की बात कही गई है, उसमें मैं निवेदन करना चाहूंगा कि खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने के लिए, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए, खिलाड़ियों को पूरे साल भर की जो प्रैक्टिस है, उसको देखते हुए उनको सीधे सुविधा मिलनी चाहिए। आज खिलाड़ियों को सीधी सुविधा नहीं मिलने के कारण जो खिलाड़ी परफोरमेंस दे सकते हैं, चाहे वे एशियाड गेम्स हों, चाहे कॉमनवैल्थ गेम्स हों, चाहे ओलम्पिक हों, उन खिलाड़ियों को सीधी सुविधा मिले। खेल के नाम पर, युवा मामले के नाम पर जो राशि का आबंटन है, अगर उस राशि में से जो खिलाड़ियों पर खर्च होने वाली है, उस राशि को देंखेंगे तो वह 10 प्रतिशत से भी कम मिलती है। इसलिए खिलाड़ियों को सीधे पैसा मिले, जिससे कि खेलों में हमारा देश ओलम्पिक तक आगे आ सके।

एस.जी.एस.वाई. प्रोजैक्ट के लिए आज 2.32 लाख ग्राम पंचायतें हमारे पूरे देश भर में हैं, 34 लाख नुमाइन्दे हैं, जिसके कारण दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश हमारा भारतर्वा है। लेकिन एस.जी.एस.वाई. के नाम पर 1-1 ग्राम पंचायत और राजस्व ग्रामों के नाम पर 5-5 बड़ी-बड़ी गांवों की हमारी संख्या है। 2.32 लाख ग्राम पंचायतें लगभग आठ लाख गांवों में फैली हुई हैं, लेकिन एस.जी.एस.वाई. के नाम पर एक लाख, सवा लाख रुपया हर पंचायत को प्रतिर्वा आता है। एक लाख, सवा लाख रुपये में कितना आधारभूत ढांचा खड़ा हो सकता है, यह आप और हम भलीभांति जानते हैं। इसको सीधे चार गुना करने की आवश्यकता है। इसलिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी से गुजारिश करना चाहता हूं कि एस.जी.एस.वाई. स्कीम के लिए और एस.जी.एस.वाई. स्पेशल प्रोजैक्ट्स की देश के विभिन्न सभी 28 राज्यों में अलग-अलग परिस्थितियां हैं। वहां पर अलग-अलग पायलट प्रोजैक्ट्स बनाये जा सकते हैं, अलग-अलग पायलट प्रोजैक्ट्स के लिए सीमा निर्धारित करना जरूरी है। आज ऐसे कई प्रदेश हैं, जहां एस.जी.एस.वाई. स्पेशल प्रोजैक्ट में 20-20 प्रोजैक्ट्स दिये गये हैं और दूसरी तरफ राजस्थान जैसे ऐसे प्रदेश भी हैं, जहां मात्र 1-2 प्रोजैक्ट्स दिये गये हैं। इसलिए मैं आपके जरिये वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इन स्पेशल प्रोजैक्ट्स के जरिये ऐसे प्रदेशों में, जिनको प्रोजैक्ट्स नहीं दिये गये हैं, जो क्षेत्रफल की दृटि से, जनसंख्या की दृटि से इस प्रकार का प्रावधान करना आवश्यक है, ताकि इसमें दोगलापन न हो सके और जिन राज्यों में प्रतिपक्ष की सरकारें हैं, उनके साथ सौतेला व्यवहार है, वह न हो सके।

आज इस आम बजट के अवसर पर मैं अपनी ओर से यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि गांवों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए उसकी मोनेटरिंग जरूरी है। इस देश में ग्राम पंचायतों से बड़ा कोई एन.जी.ओ. नहीं है। ग्राम पंचायत देश का सबसे बड़ा एन.जी.ओ. है। लोग ग्राम सभाओं में उसकी मोनेटरिंग करते हैं, लोगों को उन्हें हटाने का अधिकार है, सरकार का उन पर अंकुश है, लेकिन देखा यह जा रहा है कि जल ग्रहण के नाम पर, वाटरशेड के नाम पर गैरपरम्परागत एन.जी.ओ. को हर डिपार्टमेंट से पैसा दिया जा रहा है, जबकि वह पैसा हमारी ग्राम पंचायत के जरिये लगना चाहिए, हमारी ब्लाक पंचायतों, हमारी पंचायत समितियों, हमारी जिला परिदों के जरिये वह पैसा खर्च होना चाहिए। इसलिए इस पर पाबन्दी होनी चाहिए कि एन.जी.ओ. के नाम पर जिस प्रकार से जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों पर, जनता के द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों पर विश्वास नहीं और एक ऐसे एन.जी.ओ., जो किसी गांव में जाता है, साल, दो साल, तीन साल तक वहां रहकर, अपना जाल फैलाता है, उसके बाद उसका कोई सार-संभालने वाला नहीं है, उस पर कोई अंकुश नहीं। इस बारे में मेरा पुरजोर निवेदन है कि ग्राम पंचायत ही सबसे बड़ी है जो हमारे देश भर में एन.जी.ओ. है, उस ग्राम पंचायत के थ्रू ही पैसा लगना चाहिए, उसके जरिये ही पैसा लगना चाहिए। इसलिए आम बजट में इन सब आवश्यकताओं में हमारे देश में जो इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी है, उनके ऊपर वित्त मंत्री महोदय अपने जवाब में ध्यान दें और इस बात की संभाल करें कि गांव का व्यक्ति जब तक आर्थिक रूप से सुदृढ़ नहीं हो सकता है, तब तक यह देश भी सुदृढ़ नहीं हो सकता है। 21वीं शताब्दी की यह दौड़ कुछ एक लोगों के लिए नहीं है, 108 करोड़ लोगों में से यह दौड़ मात्र 25 करोड़ लोगों को दौड़ने के लिए नहीं दी गई है। इसमें 108 करोड़ लोगों को मौका मिलना चाहिए।...(व्यवधान)

बजट में गांव के लोगों के लिए जो रेवेन्यू है, जो गांवों की जनसंख्या और क्षेत्रफल है, उसका 75 प्रतिशत पैसा शहरों में खर्च होता है, और 25 प्रतिशत ही उस गाँवों पर होता है। गांव के 75 प्रतिशत लोगों पर मात्र 25 प्रतिशत पैसा खर्च होता है। इसलिए गांव के लोगों की तरफ विशेा ध्यान देने की आवश्यकता है। छोटे-छोटे शहरों की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। महानगरों को और बड़े महानगर बनाने की इतनी ज्यादा आवश्यकता नहीं है, जितनी छोटे-छोटे गांव, कस्बों और ढांणियों को आगे लाने की आवश्यकता है। आज छोटे-छोटे शहरों को आगे लाने की आवश्यकता है।

महोदया, मेरा एक और निवेदन है। आज राजस्व भार के नाम पर जिस प्रकार से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़कें जोड़ी जाती हैं, उसमें जो हैबिटेशन और ढांणियां हैं, उनकी जनसंख्या राजस्व ग्राम से ज्यादा है। उनकी संख्या हजारों में है। इनको भी इसमें शामिल किया जाए। हैबिटेशन को राजस्व ग्राम की सीमा में शामिल किया जाए। पांच सौ से अधिक आबादी वाले हैबिटेशंस को इस योजना में शामिल किया जाए, यही मेरा अनुरोध है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI FRANCIS FANTHOME (NOMINATED): Thank you, Madam Chairperson. May I take this opportunity to thank the Finance Minister for the Budget he has presented to Parliament?

The Budget in its context and in its holistic appreciation is unparalleled in the history of budgeting in this country. The Budget exhibits a nine per cent growth, the manufacturing sector exhibiting about 11.2 per cent growth. The savings have a growth of nearly 32 per cent. Investment has shown a growth of 34 per cent and the foreign exchange reserves are now nearly 95 billion dollars.

In this context, the tax collection has also seen unprecedented growth. The growth in Corporate Tax is 49 per cent and the growth in income tax is 24 per cent. Customs have given an added revenue of nearly 32.7 per cent and the Foreign Direct Investment is at 12 billion dollars. In this scenario, Madam Chairperson, the country is witnessing the best platform with which we can now begin to set the agenda for the growth that we would like to see in this nation.

Quite rightly, the Finance Minister has leveraged this growth, that has taken place in the economy, to now support the growth of the agricultural sector. We have seen and heard as to how the allocations in the agricultural sector is envisaged to show a nearly four per cent possibility of growth. There is going to be, and I will not go into the details, an added impetus on the development of infrastructure, irrigation, improved water resources, agricultural research and training for farmers and fertilizers subsidies.

I would at this stage like to refer to a section of the Finance Minister's speech in which he eluded. The farmer with folded hands cannot accrue the possibilities of what the nation has for him in terms of opportunities and possibilities of development. I go back to the entire history of the agrarian economy, nearly 1500 years that the farmer has served this nation un-hesitatingly. I could perhaps find that while I accept a farmer with folded hands does not necessarily accrue the benefits of a growing economy but I would also like to mention that the farmer in this nation has never ever remained without the constraints that could enable him to be a productive person. It is only now that the nation in terms of its opportunities and in terms of its growth is enabling the holistic development of the agricultural economy with the industrial economy. [R84]

This is a commendable development and I think that the ploughman will bring his plough to strengthen the economy of this nation. In his Budget provisions, the Finance Minister also mentioned that he would like to see winds that will put up the progress in terms of guiding the sails to an onward movement of the ships on the high seas. I do think that the provisions that have been put in place with the integration that

is now being planned with the inclusion of all sections of the people of the nation to a possibility of participating in nation building. I would like to think that the stage has now been set for what the people want for themselves which was being mentioned in terms of the aspirations that we, as people, want for our nation. I do not for the least hesitate to accept that the course that has been set by the Budget 2007-08 will bring the movement of the national economy to its projected growth of about 10 per cent. I would like to commend the entire Ministry of Finance for what they have done in order to achieve this possibility. I would also like to commend the Finance Minister for giving us a vision of the kind of nation that we would like to have his emphasis when seen in the context of what His Excellency, the President of India has said to the two Houses of Parliament in terms of inclusion that we would like to see happen in this country and the Budget in the context of the vision set that His Excellency has stated, is most needed and most appropriate. It is after many decades that we are witnessing the integration and inclusion of people from all sectors as I mentioned to making it possible for everybody to participate and for this matter alone the Finance Minister has our commendation.

I would like to give to the Finance Minister an observation that there are excellent stresses on outcomes consequence to the outlays that have been mentioned in his Budget. But what I find from an analysis of the progress that outcomes in terms of the outlays provide that there is very little emphasis on the delivery systems that are prevailing today and the delivery systems do cause considerable anxiety. It was once mentioned that barely 18 paise of the rupee that is allocated for a resource reaches the least common denominator in the system. This is a said commentary and we, as a Government and as representatives of the people, continue to accept this inefficiency of the productivity that we would like to see happen, there is a lot of concern that several sections of this Parliament have expressed. I would like to think that presently the people involved in determining outlays are not monitoring the outcomes and those involved with outcomes have a little accountability.

17.43 hrs.

(Shri Varkala Radhakrishnan *in the Chair*)

Consequently, the delivery of the provisions suffer. So, if we would like to see that with outcomes, there is a certain degree of accountability, only then we can find that what we aspire for as a people would see happen at the grass root's level. The Finance Minister may consider the setting up of a Budget Impact Assessment Audit that would monitor the efficiency and the effectiveness of the finance outlays, particularly so in the context that new delivery systems for the enhanced outlay for the common farmer is now envisaged in the new Budget proposals. Let it not be that the credit system becomes an anxiety rather than a facilitator and the farmer assured of irrigated land is devoid of the fruition of his dreams consequence to what is now being stated.[R85]

Sir, this year's Budget is unique in one very special way because it is for the first time that the nation through its Budget is going to reach out to those people who were never reached out to as being a component of the national development process. With this kind of a framework that has been set, the responsibility on the Ministry as well as on the Government is that much more enhanced to see that the aspirations that are

now being built up consequent to the dreams that have been put forth in the Budget proposals are not hindered consequent to subsequent developments.

Sir, I think as we progress towards an inclusive Budget, let it not be seen that the Budget is an illusion or a promise of reality that perhaps cannot be attained. I would like to see that as the Budget is transacted the provisions that have been put forth are reached out to the people for whom it is meant and not just kindle the aspirations that remain unfulfilled. The responsibility of the Finance Minister and that of the Ministry of Finance is, therefore, much more enhanced consequent to the issues that have been mentioned in the Budget.

Sir, I would like to draw the attention the hon. Finance Minister to three areas in terms of suggestions for centralized dispositions towards transactions.

The first is, I find from the Budgetary allocations, the allocations to Minorities despite the sensitivities that have been raised through the Sacchar Committee is not an adequate understanding of the support mechanism that the Minorities need in terms of enhancing themselves for reaching to an equality platform that the nation would like to see for all its citizens. I think that the National Minorities Development and Finance Corporation should be so structured that it becomes a hub from where all Minorities, not only Muslims, Sikhs or Christians, can access revenue or access loans or access some kind of development support that can enable them to set up small scale industries or self-financed projects that will enable them to be productive participants in keeping with the new economy.

Sir, I think that as we are progressing towards a knowledge economy, the strengths of the knowledge platform needs to reach all sections of the people. It is in this context that I would like to mention that the support system that have been put for education are extremely important because it is through education that human capital is enriched which can then contribute to the new economy in terms of globalisation and the elements of progress that we envisage. In this context, while an increase of 34 per cent commendable, what is more important is that the quality of delivery systems in terms of classrooms, in terms of equipment, in terms of the facilities and as my colleague was mentioning, in terms of laboratory that we need, for boys and girls, in the villages or in the urban areas needs to be strengthened. It is not merely setting up of schools, but it is the transaction that is important in these schools. For this purpose I think that the Finance Ministry and the Finance Minister in particular, having himself been a person of great scholarship, would ensure training of teachers and make provision for Information Technology and integrate them into the education framework so that quality and transaction in terms of output is structured in a manner that delivers quality and excellence rather than mere opportunities that are left a begging to the possibilities that may subsequently prevail. [R86]

I would also[MSOffice87] like to mention briefly that, in the Budget, there has not been an adequate stress on both youth and employment. The youth of the nation which is the future of the country requires adequate attention so that they can be contributing to the new nation that we are building for ourselves. We need to think that counselling units need to be provided both in the rural and in the semi-rural areas so that the children who are in our institutions, whether they are in professional institutions or in higher education, are properly addressed and they understand the kind of economy we are building and the opportunities that are emerging, the challenges that the nation has and that they are consequently structured to the opportunities that prevail. There is a mismatch between the kind of education that the children receive and the kind of opportunities that we build through our financial outlays.

I would also like to mention that the state of games and sports in this country require a lot of attention. Every time, when there is Olympics or Commonwealth Games or the World Cricket Cup, the aspirations of the people are linked to the standard of sportspersons we prepare. Since there is so much of a mismatch between the enabling provisions in terms of the support that we give to them, we find that they are unable to meet the aspirations that the nation has for its sportpersons, be it in athletics or games. … (*Interruptions*)

May I mention that there needs to be a scientific approach to building of standards in a systematic manner? When the Sports Authority of India was established, there was a lot of expectancy created that the Authority would bring to this country a standard of commitment and the cultivation of a climate that will create world level athletes and sportspersons. Somehow, this aspiration consequent to the mechanisms that were to be in place was not addressed.

MR. CHAIRMAN: Please conclude now. There are other Members to speak.

SHRI FRANCIS FANTHOME : I would also like to mention that creation of a sports culture needs to be sustained and the Finance Minister needs to have a systematic planning to the possibility that the youth of this nation who would like to have. Specially the rural indigenous sports remain neglected when there is high emphasis on some of the sports that have a western lineage. I would like to say that this new emphasis is required in order to build a sports culture that will sustain the kind of economy that we would like to have.

With these words, I would congratulate the Minister for Finance and I would like to mention that it is a pleasure for me to support this Budget and its provisions.

[MSOffice88]

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर): सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। वित्त मंत्री जी ने 2007-2008 का जो बजट रखा है, इसमें आम आदमी को आम तो नसीब क्या होना था, गुठली भी नसीब होना दूर की बात है। यूपीए सरकार बनने के पहले लोक सभा चुनावों के समय मनमोहन सिंह जी ने घोाणा की थी कि अगर हम सत्ता में आए तो 100 दिनों में महंगाई कम कर देंगे। लगता है उनका वादा सिर्फ वादा ही रह गया। वह कसौटी पर खरे नहीं उतरे। वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किए गए इस बजट में आम आदमी को कुछ नहीं मिला है, लेकिन जिन्हें मिलना था, उन्हें मिला है।

1972 से लेकर आज तक जितनी बार भी कांग्रेस पार्टी की सरकार केन्द्र में आई है, उसने कभी गरीबी हटाओ के नाम पर, कभी हरिजनों के उत्थान के नाम पर और कभी बेरोजगारी दूर करने के नाम पर अपनी सरकार बनाई। जब-जब भी कांग्रेस पार्टी केन्द्र में सत्तारूढ़ हुई है, महंगाई बढ़ती गई है। आम आदमी को दाल-रोटी मिलना दूभर हो गया है।

आज से तीन साल पहले जब एनडीए सरकार थी, उसके बाद से अब तक देश की जनता कितनी मार महंगाई की झेल रही है, यह हम सब अच्छी तरह जानते हैं। हमारी सरकार के समय गेहूं पांच रुपए प्रतिकिलो था, जो अब दस रुपए प्रतिकिलो हो गया है। इसी तरह से चावल की कीमत भी 12 रुपए प्रतिकिलो हो गई है और तेल का भाव 35 रुपए प्रतिकिलो से बढ़कर 50 रुपए प्रतिकिलो हो गया है। दालों

की कीमतें तो आसमान छू रही हैं। जो दाल एनडीए सरकार के समय 25 रुपए प्रतिकिलो थी, वह अब 60 रुपए प्रतिकिलो से भी ऊपर बिक रही है। पेट्रोल और डीजल के बारे में मेरे पूर्व वक्ताओं ने काफी विस्तार से बताया है। बढ़ती हुई महंगाई देश के नागरिकों के अनुकूल नहीं है इसलिए वित्त मंत्री जी को इस पर ध्यान देना चाहिए।

एनडीए सरकार के समय मुद्रस्फीति की दर 4.5 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 6.72 प्रतिशत तक आ गई है। एनडीए सरकार के समय रसोई गैस आसानी से सुलभ थी, लेकिन अब उसकी कितनी किल्लत है, इस पर कई सदस्यों ने इसी सदन में समय-समय पर अपनी राय प्रकट की है। आज से तीन साल पहले ऋण की ब्याज दर सात प्रतिशत थी, जो बढ़कर 10.50 प्रतिशत तक हो गई है। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि ब्याज की दर पुनः घटाई जाए। वर्तमान में आम आदमी जिस तरह से महंगाई की मार झेल रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

एनडीए सरकार के समय सीमेंट और लोहा सस्ते दामों पर बिकते थे, लेकिन अब उनके दामों में दोगुना से ज्यादा की वृद्धि हो चुकी है, यह कहने में मुझे कोई शंका नहीं है।

मैं कृषि के बारे में वित्त मंत्री जी से कुछ निवेदन करना चाहता हूं। मैं जिस जिले से आता हूं, वह जिला एग्रीकल्चर लैंड के रूप में जाना जाता है। वहां के किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। कृषि की विकास दर चार प्रतिशत होनी चाहिए थी, जो इस बजट में मात्र 3.4 प्रतिशत ही रखी गई है।[R89]

18.00 hrs.

àÉé <ºÉ àÉÉèBÉEä {É® BÉEcxÉÉ SÉÉciÉÉ cÚÆ ÉÊBÉE ÉÊBÉEºÉÉxÉÉå BÉEÉä =xÉBÉEÉÒ ãÉÉMÉiÉ BÉEÉ ºÉcÉÒ àÉÚãªÉ ÉÊàÉãÉxÉÉ SÉÉÉÊcA, AäºÉÉÒ BªÉ´ÉºlÉÉ BÉEÉÒ VÉÉA*

MR. CHAIRMAN : Since you are a young Member, you can continue your speech after 6 o' clock also. But please be brief. Thereafter, the House will take up Zero Hour submissions.

श्री निहाल चन्द : माननीय सभापति महोदय, सरसों और कपास के भाव में जिस तरीके से किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है, उनकी उपज का सही मूल्य मिलना चाहिए। सन् 1990 में किसान की कपास का भाव 2500 रुपये क्विंटल था लेकिन आज 17 साल बाद किसान की कपास का भाव मात्र 1500-1700 रुपये प्रति क्विंटल है। सरसों का प्रति क्विंटल 3000 रुपये था लेकिन वर्तमान में 1700 रुपये ही है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि बजट में इनकी सही व्यवस्था करनी चाहिए थी जो आप कर नहीं पाये हैं। मेरे से पूर्व बोलने वाले माननीय श्री करण सिंह जी जिस तरीके से बताया कि तेल बाहर से आता है, उसकी ड्यूटी फ्री कर रखी है, अगर उस पर 100 प्रतिशत टैक्स लगा दिया जाए तो किसान की उपज का मूल्य कुछ बढ़ सकता है, कुछ मूल्य अधिक मिल सकता है।

राजस्थान के बजट में युवाओं को भत्ता देने के लिए, राजस्थान की मुख्यमंत्री ने बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि उस बेरोजगारी भत्ते में 75 प्रतिशत का केन्द्र शेयर करे। किसानों को उर्वरक सब्सिडी देने के लिए प्रत्येक प्रदेश में एक-एक जिले को केन्द्र सरकार चुन रही है। राजस्थान में गंगानगर जिला पूरा का पूरा कृषि पर निर्भर है। उसको मॉडल जिला केन्द्र सरकार द्वारा चुना जाना चाहिए। इस बजट में केन्द्र सरकार से मैं एक और निवेदन करूंगा कि केन्द्र सरकार ने 31 जिलों को संकटग्रस्त माना है जबकि संकटग्रस्त जिले बहुत बड़े पैमाने पर हैं। करीब 100 से ऊपर जिले संकटग्रस्त निकल सकते हैं। केन्द्र सरकार दुबारा सर्वे करवाये और संकटग्रस्त जिलों को योजना में शामिल किया जाए। एनडीए की सरकार ने फसल बीमा योजना की शुरूआत की थी। फसल बीमा योजना में आपने एक तहसील मुख्यालय रखा है लेकिन जब संकट आता है तो पूरी तहसील में नहीं आती, गांव-गांव में आती है चाहे ओलावृटि हो या फसल नट होने का मामला है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करुंगा कि इसको ग्राम पंचायत या ग्राम इकाई रखा जाए जिससे किसानों को फायदा मिल सके। मैं इतनी बात कहते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।